.वर्ष 14, अंक 8
गैरसैंण
बुधवार
26 अप्रैल 2023
पृष्ठ 8

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार



खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com



कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित   डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2020-23   फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8445596074, 7060517714, 9412081969   e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com   मूल्य-2 रुपये


# ग्याहरवें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले

## बाबा केदार में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई

## मुख्यमंत्री ने श्री केदारनाथ में की पूजा अर्चना, देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की



फूलों से सजा हुआ केदारनाथ धाम मंदिर।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**रूद्रप्रयाग** : ग्याहरवें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ धाम के कपाट विधि विधान के साथ मंगलवार को सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिये गये हैं। श्री केदारनाथ में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से की गई। रावल भीमाशंकर लिंग तथा पुजारी शिवलिंग एवं धर्माचार्यों द्वारा पूजा अर्चना की गई। कपाट खुलते समय सेना के बैंड तथा भजन कीर्तन एवं जय श्री केदार के उदघोष से केदारनाथ धाम गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गयी।

श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री केदारनाथ में पूजा-अर्चना कर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। सभी देश एवं प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की उन्होंने बाबा केदार से प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने बाबा केदार के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं का स्वागत भी किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में मुख्य सेवक द्वारा आयोजित भंडारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए हर संभव प्रयास किये गये हैं।

समाजिक संगठनों, स्वयं सेवी संस्थाओं का भी यात्रा के लिए पूरा सहयोग मिल रहा है। पिछले वर्षों के अनुभवों के आधार पर यात्रा व्यवस्थाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। उन्होंने बाबा केदार के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि मौसम की जानकारी लेकर बाबा केदार के दर्शन के लिए आयें, ताकि किसी को भी मौसम की वजह से कोई असुविधा न हो। गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम में यात्रा सुचारू रूप से चल रही है।

27 अप्रैल को भगवान बद्री विशाल के कपाट भी श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुल जायेंगे। इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, विधायक केदारनाथ श्रीमती शैला रानी रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह, जिला अध्यक्ष भाजपा महावीर पंवार, पूर्व अध्यक्ष भाजपा दिनेश उनियाल, जिलाधिकारी मयूर दिक्षित, पुलिस अधीक्षक सुश्री विशाखा अशोक भदाणे, मुख्य कार्याधिकारी केदारनाथ योगेंद्र सिंह एवं श्रद्धालु मौजूद थे।

## केदारनाथ के रक्षक भगवान भैरवनाथ के कपाट खुले

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ के रक्षक के रूप में पूजे जाने वाले भगवान भैरवनाथ के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान के साथ खोल दिए गए। कपाट खुलने के दिन सांय से ही केदारनाथ मंदिर में नित्य पूजाएं एवं सांयकालीन आरती की भी शुरुआत हो गई है। मंगलवार को केदारनाथ के मुख्य पुजारी शिव लिंग, वेदपाठी, आचार्य एवं मंदिर समिति के कर्मचारियों की मौजूदगी में भैरवनाथ के कपाट सुबह 11 बजे श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। मंदिर में करीब दो घंटे चली भैरवनाथ की विशेष पूजा-अर्चना के साथ भगवान का अभिषेक भी किया गया।

इसके बाद जौ-तिल व घी से हवन किया गया। भगवान को प्रसाद के रूप में पूरी, रोट व पकोड़े बनाकर उसका भोग लगाया गया। इस मौके पर केदारनाथ के मुख्य पुजारी शिव लिंग, भैरवनाथ के पुजारी अरविंद शुक्ला, मृत्युजय हीरमठ, संजय तिवारी, नवीन शुक्ला, पंकज शुक्ला, केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, धर्माधिकारी ओपी शुक्ला, राजेन्द्र तिवारी, विनोद शुक्ला सहित बड़ी संख्या में तीर्थपुरोहित, तीर्थयात्री एवं स्थानीय भक्त मौजूद थे।

## भगवान का वाहन गरूड़, शंकराचार्य की गद्दी व गाडू घडा बदरीनाथ को हुआ रवाना

**चमोली।** मोक्षधाम बदरीनाथ के कपाट खुलने की वैदिक प्रक्रिया जोशीमठ के आराध्य नृसिंह मंदिर में मंगलवार को शुरू हो गई है। रावल ने भगवान नृसिंह, मां लक्ष्मी, खोली, कोठ, नवदुर्गा, गरूड आदि की पूजा अर्चना कर भगवान बदरीनाथ की यात्रा शुरू करने की अनुमति लेते हुए सुखद यात्रा की मन्नत मांगी।

जोशीमठ के नृसिंह मंदिर में मंगलवार की सुबह 10 बजे बदरीनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी रावल ईश्वरी प्रसाद नंबूदरी की अगुवाई में धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, वेदपाठी व पुरोहितों ने वैदिक पूजा अर्चना की। जिसके बाद शंकराचार्य के प्रतिनिधियों की मौजदगी में शंकराचार्य के प्राचीन कोठ में रखी गद्दी को सजाया गया व गद्दी को दर्शनार्थ मठांगन में रखा गया।

## बाघों व गुलदारों की गणना कराने की मांग की

**पौड़ी** : आम आदमी पार्टी ने प्रदेश सरकार से जिले को जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने, तत्काल उत्तराखंड में गुलदारों और बाघों की गणना कराने की मांग की है। पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि जिले में गुलदार और बाघ के आंतक से लोग दहशत में है।

मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में आप के पौड़ी जिला मीडिया प्रभारी त्रिलोक सिंह रावत व जगमोहन नौटियाल ने कहा कि पौड़ी जिले में इन दिनों लोग गुलदार व बाघ के आतंक से परेशान है। जिले के रिखणीखाल और नैनीडांडा ब्लॉक में पिछले दिनों बाघ ने दो लोगों को निवाला बना लिया था। वन विभाग अभी तक बाघ को नहीं पकड़ पाया है। जिस कारण बच्चों की स्कूलें बंद पड़ी हैं। कहा कि इनकी अत्याधिक संख्या मनुष्यों के लिए खतरा बन रही है। उन्होंने कहा कि पौड़ी नगर में बंदरों और सुअरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। कहा कि वन विभाग द्वारा एक जगह से उठाकर बंदरों को दूसरे गांवों में छोड़ दिया जा रहा है। जिससे वहां की स्थिति और भी खराब हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से बंदरों का बंध्याकरण करने की मांग की है।

# सीएम ने गोल्ज्यू देवता मंदिर में की पूजा



सीएम पुष्कर सिंह धामी गोल्ज्यू देवता मंदिर में पूजा करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अल्मोड़ा भ्रमण के दौरान न्याय के देवता गोल्ज्यू देवता मंदिर (चितई) में पहुंचकर पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि की मंगल कामनाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भगवान केदारनाथ के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुल गए हैं। उन्होंने चार धाम यात्रा के सफल एवं निर्विध्न रूप से संचालन हेतु न्यायप्रिय देवता गोल्ज्यू देवता से प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने राज्य की उन्नति एवं समृद्धि के लिए मंदिर में घंटी एवं पत्र भी चढ़ाया। इस मौके पर सांसद अजय टम्टा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष बीजेपी कैलाश शर्मा, डीसीबी चेयरमैन ललित लटवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रवि रौतेला सहित जिलाधिकारी वंदना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रचिता जुयाल, उपजिलाधिकारी गोपाल सिंह चौहान समेत अन्य उपस्थित रहे।

## केदारनाथ में ठहरने को पर्याप्त जगह नहीं

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ में लगातार मौसम खराब होने की वजह से ठहरने की बेहतर व्यवस्थाएं नहीं हो पाई है। हालांकि प्रशासन लगातार इंतजाम करने में जुटा है किंतु लगातार हो रही बर्फबारी से तैयारियों में मुश्किलें हो रही है। पहले दिन ही कई लोगों को ठहरने की पर्याप्त जगह नहीं मिल सकी।

केदारनाथ में पहले दिन बड़ी संख्या में तीर्थयात्री एवं स्थानीय लोग पहुंच गए। बर्फबारी के बीच लोगों को सबसे बड़ी परेशानी रात्रि ठहरने की हुई। हालांकि प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में केदारनाथ धाम में 5 हजार लोगों के रहने की व्यवस्था है। जबकि यहां इससे भी ज्यादा तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं।

## राजीव भरतरी की याचिका पर प्रमुख वन सचिव और अन्य से मांगा जवाब

**नैनीताल।** अपने खिलाफ जारी सरकार के आरोपपत्र को चुनौती देने वाली राजीव भरतरी की याचिका पर हाईकोर्ट ने प्रमुख वन सचिव और अन्य को जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 जून को होगी।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी एवं न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार याचिकाकर्ता राजीव भरतरी को ओर से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि उन्हें यह आरोपपत्र बिना उनका पक्ष जाने दिया गया है। याचिका में कहा गया कि आरोपपत्र के साथ जो दस्तावेज संलग्न किए गए हैं वे भी अस्पष्ट हैं।

बता दें कि सरकार ने राजीव भरतरी को आरोपपत्र जारी किया था जिसमें उन पर कॉर्बेट पार्क में पेड़ कटान में ठोस कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया था। भरतरी का कहना था कि उन्होंने कॉर्बेट प्रकरण में ठोस कार्रवाई की है इसीलिए तत्कालीन वन मंत्री ने अपने पसंदीदा अधिकारी को बचाने के लिए उन्हें पद से हटा दिया था। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कहा गया कि प्रस्तुत याचिका केंद्रीय प्रशासनिक प्राधिकरण में दाखिल होनी चाहिए थी।

## कर्नाटक में बोले अमित शाह

# राज्य में खत्म किया मुस्लिम आरक्षण, भाजपा सरकार को वोट बैंक का लालच नहीं

**कर्नाटक, एजेंसी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक विधानसभा चुनाव को लेकर कर्नाटक के दौरे पर हैं। कर्नाटक के एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो कर्नाटक का विकास रिवर्स गियर में चला जाएगा।

कर्नाटक के बागलकोट में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ डबल इंजन की सरकार भाजपा की है तो दूसरी तरफ रिवर्स गियर सरकार है। कांग्रेस की सरकार बनी ना तो कर्नाटक का विकास रिवर्स गियर में पड़ने वाला है। ये पीढ़ी परिवर्तन का चुनाव है और हम मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर से सरकार बनाएंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'यहां धर्म के आधार पर 4% मुस्लिम आरक्षण था। भाजपा की सरकार ने वोट बैंक की लालच में पड़े बिना, इस मुस्लिम आरक्षण को समाप्त कर दिया है। हम मानते हैं कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होना चाहिए। मुस्लिम आरक्षण समाप्त करने के बाद हमने रउ, रळ, दिव्यांग और लिंगायत सब के आरक्षण में बढ़ोतरी करने का काम किया है।'

गृह मंत्री अमित शाह ने आगे कहा, 'ये चुनाव कर्नाटक को मोदी जी के हाथ में देने का चुनाव है। कर्नाटक को एक संपूर्ण विकसित राज्य बनाने का चुनाव है। ये चुनाव राजनीतिक स्थिरता और नए कर्नाटक का चुनाव है, जो भाजपा लेकर आ सकती है।'उन्होंने आगे कहा, 'मोदी जी ने 9 साल से कर्नाटक को केंद्र से ढ़ेर सारे पैसे और योजना भेजने का काम किया है। अगर कांग्रेस गलती से भी आ गई तो अभी तक का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, परिवारवाद होगा और कर्नाटक पूरा दंगे से ग्रस्त हो जाएगा।'

## 'कब्र खोदने' वाले पीएम मोदी के बयान पर प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिया बड़ा बयान

**नरसीपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विपक्षी पार्टी उनकी कब्र खोदना चाहती है' वाले बयान पर कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कड़ा ऐतराज जताया है। प्रियंका गांधी ने कहा कि इस देश में ऐसा कोई नहीं होगा जो हमारे प्रधानमंत्री का अच्छा स्वास्थ्य और उनका लंबा जीवन नहीं चाहता हो।प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी के इस बयान को अजीब बताते हुए सवाल किया कि क्या यह एक चुनावी मुद्दा है? क्या इसे चुनाव प्रचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रियंका ने आगे कहा कि यह चुनाव किसी भी नेता के बारे में नहीं है। यह चुनाव कर्नाटक के बारे में है। यह आपके गौरव के बारे में है, आपके दैनिक जीवन के बारे में है।'10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के प्रचार अभियान के तहत प्रियंका गांधी यहां एक जनसभा को संबोधित कर रही हैं। इस दौरान ने कहा, 'मैं आप लोगों से पूछना चाहती हूं- क्या यह चुनावी मुद्दा है? वे अजीब मुद्दे उठाते हैं, लेकिन वे आपके बारे में क्यों नहीं बोलते?

# मानहानि मामले में सजा माफी के लिए हाईकोर्ट पहुंचे राहुल

## निचली अदालत के फैसले को दी चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी।** कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी ने मानहानि मामले में सजा माफी के लिए गुजरात हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्हें सूरत की एक निचली अदालत ने दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद उन्हें अपनी लोकसभा की सदस्यता गंवानी पड़ी थी।

राहुल गांधी की ओर से 2019 में मोदी उपनाम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में 23 मार्च को सूरत की अदालत ने फैसला सुनाया था। कोर्ट ने उन्हें धारा 504 के तहत दो साल की सजा सुनाई थी। हालांकि, कोर्ट ने फैसले पर अमल के लिए कुछ दिन की मोहलत भी दी थी। इसके साथ ही उन्हें तुरंत जमानत भी दे दी थी। राहुल ने सूरत की कोर्ट में याचिकाएं भी दाखिल की थीं, जिनमें एक को कोर्ट ने खारिज कर दिया था और दूसरी पर तीन मई को सुनवाई होनी है।



दरअसल, 2019 लोकसभा चुनाव के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक रैली में राहुल गांधी ने कहा था, 'कैसे सभी चोरों का उपनाम मोदी है?' इसी को लेकर भाजपा विधायक और गुजरात के पूर्व मंत्री पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। उनका आरोप था कि राहुल ने अपनी इस टिप्पणी से समूचे मोदी समुदाय की मानहानि की है। राहुल के खिलाफ आईपीसी की धारा 499 और 500 (मानहानि) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद से किसी भी कोर्ट में दोषी ठहराए जाते ही नेता की विधायकी-सासंदी चली जाती है। इसके साथ ही अगले छह साल के लिए वह व्यक्ति चुनाव लड़ने के अयोग्य हो जाता है। राहुल की सांसदी चली गई है। अगर कोर्ट से भी उन्हें राहत नहीं मिलती है तो राहुल 2024 और 2029 का लोकसभा चुनाव भी नहीं लड़ सकेंगे।

दरअसल, 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने लोक-प्रतिनिधि अधिनियम 1951 को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। कोर्ट ने इस अधिनियम की धारा 8(4) को असंवैधानिक करार दे दिया था। इस प्रावधान के मुताबिक, आपराधिक मामले में (दो साल या उससे ज्यादा सजा के प्रावधान वाली धाराओं के तहत) दोषी करार किसी निर्वाचित प्रतिनिधि को उस सूरत में अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता था, अगर उसकी ओर से ऊपरी न्यायालय में अपील दायर कर दी गई हो। यानी धारा 8(4) दोषी सांसद, विधायक को अदालत के निर्णय के खिलाफ अपील लंबित होने के दौरान पद पर बने रहने की छूट प्रदान करती थी।

## 'आज देश में तुष्टिकरण पर नहीं संतुष्टिकरण पर दिया जा रहा बल' : पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को दादरा और नगर हवेली की राजधानी सिलवासा पहुंचे जहां लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी का स्वागत करते हुए मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाई।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दमन और द्वीप एवं दादर नगर हवेली में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलवासा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 4,873 करोड़ की लागत से 96 प्रोजेक्ट का शिलान्यास एवं शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलवासा में नमो चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान संस्थान का दौरा कर संस्थान देश को समर्पित किया। इस संस्थान को 203 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलवासा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी की कुछ लाभार्थियों को घर की चाबी सौंपी। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, आजादी के दशकों दशक बीत गए लेकिन दमन, दीव, दादरा और नगर हवेली में एक भी मेडिकल कॉलेज नहीं बना...जिन्होंने दशकों तक देश पर शासन किया ।

## शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की

**श्रीनगर गढ़वाल** : चौरास क्षेत्र के जल विद्युत परियोजना के प्रभावित गांवों के लोगों ने परियोजनों के डीएसबी टैंक से श्रीनगर की तर्ज पर चौरास के गांवों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में डीएम को भेजे पत्र में जनप्रतिनिधियों ने कहा है कि परियोजना से चौरास क्षेत्र का 80 प्रतिशत भाग प्रभावित हुआ है। लेकिन यहां पर शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्य डॉ. प्रताप भंडारी, बबीता, प्रधान रजनी देवी आदि की ओर से दिए गए पत्र में कहा गया है कि 2021-22 में जल जीवन मिशन के तहत सरकार ने मढ़ी चौरास के लिए करीब 36.34 करोड़ की लागत की पंपिंग पेयजल योजना स्वीकृत की है। जहां पर इस योजना का टैंक बनना है वहां पर करीब 40 से अधिक गांवों का शवदाह स्थल है। यहां से नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होना संभव नहीं है। कहा इसके लिए पूर्व में ही मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक से परियोजना से पानी उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई थी। लेकिन इसके लिए प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने इस योजना के टैंक स्थल का मुआयना कर योजना का कार्य स्थगित किए जाने व परियोजना से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

# पेंशन विसंगतियों को लेकर पूर्व सैनिकों ने शुरू किया धरना

### वन रैंक, वन पेंशन में आई विसंगतियों को दूर करने की उठाई मांग



कोटद्वार तहसील में धरना देते पूर्व सैनिक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : वन रैंक, वन पेंशन में आई विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने सांकेतिक धरना शुरू कर दिया। पूर्व सैनिकों ने केंद्र सरकार से जल्द पेंशन विसंगतियों को दूर करने की मांग उठाई। कहा कि पूर्व सैनिकों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सोमवार को पूर्व सैनिक तहसील परिसर में एकत्रित हुए। यहां उन्होंने दो दिवसीय धरना शुरू किया। समिति के अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में वन रैंक, वन पेंशन में बहुत अधिक विसंगतियां हैं, इस कारण पूर्व सैनिकों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। समान रैंक एवं समान सेवाकाल होने पर पेंशन में भिन्नता होने पर पेंशनर के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कहा कि सरकार को जल्द से जल्द पेंशन विसंगतियों को दूर करना चाहिए। कहा कि इस ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए समिति की ओर से दो दिवसीय सांकेतिक धरना दिया जा रहा है। मौके पर केंद्र सरकार से वन रैंक, वन पेंशन में सभी सैनिकों के लिए फिटमैंट फैक्टर बराबर करने व सर्विस पे के अनुसार विधवा पेंशन दिए जाने सहित अन्य विसंगतियों को दूर करने की मांग की गई। धरना स्थल पर राजेश सिंह बिष्ट, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, गजेन्द्र मोहन धस्माना, दौलत सिंह रावत, कुबेर सिंह जलाल, प्रमोद सिंह रावत, जनार्दन प्रसाद बुड़ाकोटी, नन्दन सिंह रावत, राजेन्द्र सिंह रावत, अनुसुया प्रसाद सेमवाल, मेहरबान सिंह चौहान, मदन सिंह नेगी, बलवान सिंह रावत और सुरेश सिंह गुसाईं सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## यूनियन ने ग्रेजुएटी का भुगतान करने की मांग की

**जयन्त प्रतिनिधि :**

**पौड़ी** : सीटू से संबद्ध आंगनवाड़ी कार्यकर्ती-सेविका कर्मचारी यूनियन ने प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजकर उन्हें अन्य कर्मचारियों की भांति ग्रेजुएटी का भुगतान करने की मांग की। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि न्यायालय के आदेश के बाद भी उन्हें ग्रेजुएटी का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्व में न्यायालय ने आंगनवाडी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर ग्रेजुएटी का भुगतान करने के आदेश दिए थे, लेकिन इस आदेश के बाद भी उन्हें कोई लाभ नहीं दिया जा रहा है।

कहा कि आंगनवाडी कार्यकत्री आज भी सेवानिवृत्त होने पर खाली हाथ घर लौटती हैं। जिससे उनके समक्ष आर्थिक संकट उत्पन्न हो जाता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष नीमा रावत, जिला महामंत्री शिक्षा कोहली, मंजू उनियाल, नीमा नेगी, सुनीता रावत, रेखा चौहान, सीटू के जिलाध्यक्ष सरेंद्र रावत, देवानंद नौटियाल, टीका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगा पैरा मेडिकल कालेज

### कोटद्वार के पदमपुर में पैरा मेडिकल कालेज का हुआ शुभारंभ




कोटद्वार में पैरामेडिकल कालेज के शिलापट का अनावरण करती विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पदमपुर स्थित श्यामलाल बगीचा में श्री गुरु राम विश्वविद्यालय की ओर से पैरा मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया गया है। इस दौरान मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि कोटद्वार शहर में खुला पैरा मेडिकल कॉलेज युवाओं के भविष्य को नई दिशा देगा।

रविवार देर शाम आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने बतौर मुख्य अतिथि रिबन काट कर कॉलेज का उद्घाटन किया। अपने संबोधन में विधानसभा अध्यक्ष ने महाराज महंत देवेंद्र दास और गुरु राम राय विश्वविद्यालय प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कहा कि श्री दरबार साहिब के दर्शन करने के दौरान उन्होंने महंत देवेंद्र दास से कोटद्वार में पैरामेडिकल कॉलेज शुरू करने हेतु आग्रह किया था, जिस पर उन्होंने उनके आग्रह को तुरंत स्वीकार कर त्वरित गति से कार्य करवाते हुए अल्प समय में कॉलेज को इस सत्र में प्रवेश हेतु तैयार किया है। उनके मागदर्शन में श्री गुरु राम राय पैरामैडिकल कालेज यहां के युवाओं को मेडिकल शिक्षा व रोजगार के स्वर्णिम अवसर उपलब्ध करवाएगा। कार्यक्रम में महंत देवेंद्र दास के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद डी.पी. ममगाईं ने कहा कि यह उनकी दूरगामी सोच का परिणाम है कि एसजीआरआर ग्रुप का महंत इन्दिरेश अस्पताल उत्तराखण्ड के गांव-गांव तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचा रहा है।

वर्तमान में कालेज द्वारा बीएमआरआईटी, बीएमएलटी, बीएमएम, बीपीटी, बीएससी (ऑप्टो), माइक्रोलॉजी आदि कोर्स के लिए प्रवेश प्रारंभ कर दिए हैं, जिसमें स्थानीय छात्र काफी रुचि दिखा रहे हैं। उद्घाटन समारोह में एसजीआरआर एजुकेशन के उपाध्यक्ष डॉ. आर.पी. ध्यानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी पौड़ी डॉ. प्रवीण कुमार व कुलसचिव श्री गुरू राम राय विश्वविद्यालय अजय कुमार खंडूड़ी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गढ़वाली कविता पाठ में आंचल रही अव्वल




महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में एंटी ड्रग क्लब की ओर से विभिन्नि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान गढ़वाली कविता पाठ में आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सोमवार को महाविद्यालय की एंटी ड्रग क्लब की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. जानकी पंवार ने युवाओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। कहा कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। आज नशा हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है।

डा. मुरलीधर कुशवाह ने अपनी कविता के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। एंटी ड्रग क्लब के नोडल अधिकारी डा. जुनीश कुमार ने बताया कि नशा मुक्त समाज के तहत आयोजित दोहा प्रतियोगिता में आक्षांसी भट्ट, गढ़वाली कविता पाठ में आंचल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान गढ़वाली गीत में अभाष सिंह, गुंजन बिष्ट, ईशा बिष्ट प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इस मौके पर एंटी ड्रग क्लब की डा. सुरभि मिश्रा, डा. धनेंद्र कुमार पंवार, डा. हीरा सिंह, डा. मुकेश सिंह रावत, डा. पूनम गैरोला आदि मौजूद रहे।

## बडखोलू मोटर पुल को लेकर बैठक 30 को

**सतपुली** : विकासखंड कल्जीखाल की ग्राम सभा बडखोलू के ग्रामीण नयार नदी पर पिछले कई सालों से मोटर पुल बनाने की मांग कर रहे है, लेकिन ग्रामीणों की मांग को अनदेखा किया जा रहा है। ग्रामीण पूर्व में मोटर पुल की मांग को लेकर कई बार चक्का जाम भी कर चुके है, लेकिन मोटर पुल निर्माण को लेकर अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। आगामी 30 अप्रैल को बडखोलू पंचायत भवन में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में पुल निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जायेगें। महिपाल सिंह ने बताया कि बैठक में आगे की रूप रेखा तैयार की जाएगी। बैठक में बडखोलू ग्राम सभा के साथ-साथ रौंतेला, बेडपानी, कुड़ीगांव, हेडाखोली, धोलधार, साकिनखेत, बिदुलगांव, नैल सहित अन्य गांवों के ग्रामीण प्रतिभाग करेगें।

# बेहतर भविष्य के लिए बच्चों को शिक्षा से जोड़े अभिभावक

### आपरेशन मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने चलाया अभियान




लकड़ीपड़ाव के मोमिन नगर में अभिभावकों व बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताती पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : 'आपरेशन मुक्ति' अभियान के तहत पुलिस ने अभिभावकों को अपने पाल्यों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए उनका शिक्षित होना अति आवश्यक है। इस दौरान अभिभावकों ने भी बच्चों को बेहतर शिक्षा से जोड़ने का संकल्प लिया।

उपनिरीक्षक कृपाल सिंह व महिला उपनिरीक्षक सुमनलता के नेतृत्व में टीम ने लकड़ीपड़ाव के मोमिन नगर में अभियान चलाया। अभियान के दौरान टीम ने परिवारों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया।

कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए पुलिस 'भिक्षा नहीं शिक्षा दें' अभियान चला रही है। इसके तहत अब तक सैकड़ों बच्चों का सरकारी विद्यालयों में भी प्रवेश करवाया जा चुका है। कहा कि अभिभावकों को अपने पाल्यों की शिक्षा को लेकर गंभीरता से कार्य करना होगा। बच्चों का भविष्य किताब व कलम में है। कहा कि अभिभावकों को खुद अपने बच्चों को स्कूल भेजने व लाने के लिए जाना होगा। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर 'आपरेशन मुक्ति' की टीम अभिभावकों की मदद करेगी। इस मौके पर कांस्टेबल मुकेश डोबरियाल, विद्या मेहता, सूर्यकांत सैनी आदि मौजूद रहे।

# नशा नहीं बेहतर भविष्य चुने ग्रामीण

### भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल की ओर से निकाली गई रैली



रिखणीखाल में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भारत सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय रिखणीखाल के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम बताए। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। नशे के खात्मे के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

प्राचार्य मनोज उप्रेती के नेतृत्व में महाविद्यालय प्रांगण से रिखणीखाल बाजार तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में व्यापार संघ के पदाधिकारी व शिक्षक संघ के अभिभावक भी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने बताया कि आज नशे के कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। हमें समाज को नशा मुक्ति बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करना होगा। अभियान के दौरान ग्रामीणों को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य बनाने की भी शपथ दिलवाई गई। कहा कि नशे के आदि हो चुके व्यक्तियों को चिकित्सीय परामर्श लेना चाहिए। इस मौके पर छात्र संघ अध्यक्ष नीरज सिंह, सचिव मोनिका, विपिन चौहान, सुधीर भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## निबंध प्रतियोगिता में नीमा ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि :**

**पौड़ी** : जी-20 कार्यक्रमों के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. थान सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय नैनीडांडा में अंग्रेजी विभाग द्वारा भारत में स्वास्थ्य सेवाएं, चुनौतियां एवं अवसर विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अंग्रेजी विभाग के बीए प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग लिया।

प्रतियोगिता में नीमा ध्यानी तृतीय वर्ष ने प्रथम, पूर्णिमा सोनम तृतीय वर्ष ने द्वितीय व अनुपमा तृतीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी विभाग की प्रभारी डॉ. अंजना शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्राचार्य डॉ. बीपी उनियाल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# जयंती पर हेमवती नंदन बहुगुणा को किया याद




कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते अतिथि

कोटद्वार : स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की 104वीं जयंती पर आधारशिला संस्थान सहित अन्य लोगों की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान लोगों ने बेहतर समाज निर्माण के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

बदरीनाथ मार्ग स्थित नगर निगम के प्रेक्षागृह में "स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के रूप में हेमवती नंदन बहुगुणा का योगदान" विषय पर आधारित एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एक सौ चार वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी मुरलीधर सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि मण्डी समिति अध्यक्ष सुमन कोटनाला, अति विशिष्ट अतिथि क्षेत्र पंचायत सदस्य बिनीता ध्यानी, मुख्य वक्ता डॉ. नन्द किशोर ढौंडियाल, वक्ता डॉ. किशोर चौहान व सीओ वैभव सैनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर किया। वक्ताओं ने आमजन से बहुगुणा के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। आधारशिला संस्थान के सचिव महेंद्र जदली ने संस्था द्वारा सम्पादित होने वाली क्रियाकलापों व सामाजिक सरोकारों को प्रतिबद्धता समेत 2005 से अब तक की विस्तृत जानकारी दी। डॉ. अम्बिका प्रसाद ध्यानी ने हेमवती नंदन बहुगुणा के जीवन दर्शन व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था की ओर से 12 स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों व आश्रितों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जिनमें मुरलीधर रावत, मदनमोहन जोशी, डॉ. सत्य प्रसाद बडोला, यशवन्त रावत, रोशन सिंह रावत, शैलेश जोशी, हरीश नौटियाल, गणेश थपलियाल, सरला जोशी, सीमा थपलियाल, पूनम घिल्डियाल व रजनी भट्ट को सम्मानित किया गया। आधारशिला संस्थान के अध्यक्ष नरेश घिल्डियाल ने बहुगुणा के सात्विक देशभक्ति, सांगठनिक एकरूपता की भावना को आत्मसात करने का आग्रह किया। इस मौके पर राजीव थपलियाल, सतीश देवरानी, मीनाक्षी थपलियाल, संजय खंतवाल, हरी पुंडीर, प्रभात सेमवाल, डॉ. सुरेखा घिल्डियाल, प्रकाश चंद्र भारद्वाज, देश बंधु सुन्द्रियाल, कालिका प्रसाद नैथानी आदि मौजूद रहे।

## डॉग स्क्वायड और पुलिस टीम सर्तक

**श्रीनगर गढ़वाल** : चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से एसएसपी पौड़ी श्वेता चौबे के निर्देश पर मंगलवार को श्रीनगर कोतवाली पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम ने शहर क्षेत्र में जगह-जगह चैकिंग अभियान चलाया। इस मौके पर पुलिस बल के साथ डॉग स्क्वायड की टीम भी जांच-पड़ताल में लगी रही।

# जयानंद भारतीय के नाम पर बीरोंखाल जिले का हो निर्माण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** जयानंद भारतीय जिला संघर्ष समिति सहित ग्रामीणों ने बीरोंखाल को जिला बनाने की मांग उठाई है। कहा कि प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कर्मवीर जयानंद भारतीय के नाम पर जिले का निर्माण होना चाहिए। इस दौरान जिला निर्माण के लिए प्रदेश सरकार को भी पत्र भेजा गया।

सोमवार को समिति ने ग्रामीणों के साथ मिलकर जयानंद भारतीय स्मारक तक ढोल-दमाऊ के साथ रैली निकाली। इसके उपरांत बीरोंखाल बाजार से होते हुए विकासखंड मुख्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला संघर्ष समिति के अध्यक्ष यशपाल सिंह नेगी ने किया।



बीरोंखाल को जिला बनाने की मांग उठाते सदस्य व ग्रामीण

बैठक में वक्ताओं ने एक सुर में बीरोंखाल को जिला बनाने की मांग उठाई। कहा कि वर्ष 1997 से लगातार बीरोंखाल जिला निर्माण की मांग उठाई जा रही है। कहा कि प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कर्मवीर जयानंद भारतीय के नाम से पांच विकासखंडों बीरोंखाल, थलीसैंण, पोखडा, नैनीडांडा व रिखणीखाल को मिलाकर नया जिला बनाया जाना चाहिए। कहा कि जयानंद भारतीय ने भारत की स्वतंत्रता के लिए सरकारी नौकरी छोड़कर छः बार जेल गए थे। यही नहीं उन्हें नजरबंद कर कर दिया गया था। जयानंद भारतीय ने स्वतंत्रता की लड़ाई में असहयोग आंदोलन, भारत छोड़ो आंदोलन से लेकर गांधी के सत्याग्रह तक में अपना पूर्ण सहयोग दिया।

इस मौके पर जन विकास समिति के संरक्षक पान सिंह बिष्ट, आलम सिंह रावत, विकास खंड बीरोंखाल के प्रमुख राजेश कंडारी व प्रधान संघ के अध्यक्ष एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट, मोहन बहुखंडी, मेहरबान सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, प्रेम सिंह रावत, बलवंत सिंह रावत, कैलाश गढ़वाल, दयाल सिंह चंद्र, यशपाल सिंह नेगी, विनोद कुमार, महिपाल सिंह, राजेंद्र कंडारी, दर्शन सिंह रिगोड़ा, डा.मुकेश पोखरियाल, ओमपाल बिष्ट, प्रद्युमन कंडारी, हेमराज आदि मौजूद रहे।

# श्रमिकों का प्रतिनिधि मंडल एसडीएम और श्रम प्रवर्तन अधिकारी से मिला



रुद्रपुर : लोहियाहेड रोड स्थित एक फैक्ट्री के कर्मचारियों ने फैक्ट्री प्रबन्धन द्वारा बिना कारण बताए दो सौ कर्मचारियों को काम से हटाये जाने का आरोप लगाते हुए विरोध में दूसरे दिन भी धरना दिया। कर्मचारियों का आरोप था कि उन्हें तीन माह से वेतन नहीं दिया गया है। कारखाना प्रबंधन ने उनसे पीएफ का पैसा काटा, लेकिन वह पीएफ फंड में जमा नहीं किया। बिना किसी नोटिस के उन्हें कारखाने से बाहर कर दिया। धरने के दौरान श्रमिकों का एक शिष्टमंडल एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट और श्रम प्रवर्तन अधिकारी मीनाक्षी भट्ट से मिला। तहसील में कारखाने से निकाले गए श्रमिकों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। श्रमिकों ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। श्रमिकों ने कहा कि 17 अप्रैल को 200 कर्मचारियों को बगैर पूर्व नोटिस और तीन माह वेतन दिए ही कारखाने से बाहर कर दिया गया। कारखाने से निकाले जाने के बाद उनके बकाया धनराशि भुगतान भी कंपनी नहीं कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक उनका धरना जारी रहेगा। श्रमिकों ने एसडीएम बिष्ट और लेबर इंस्पेक्टर से बात की। इस पर लेबर इंस्पेक्टर भट्ट ने कहा कि उनके द्वारा जांच रिपोर्ट सहायक श्रमायुक्त यूएसनगर को 19 अप्रैल की जा चुकी है।

## विश्व शांति के लिए हवन और भंडारा किया

रुद्रपुर : गुरुग्राम के शिव मंदिर में विश्व शांति के लिए हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। संत चट बाबा की अगुवाई में हवन किया गया। मंगलवार सुबह गुरुग्राम स्थित शिव मंदिर से महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश में पवित्र जल भरकर हवन कुंड के समीप स्थापित किया। संत चट बाबा सहित 21 पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन में आहुति डाली। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक संत चट बाबा ने कहा उन्होंने तीन माह पूर्व अन्न को त्याग दिया था और हवन कराने का संकल्प लिया था। यहां ग्राम प्रधान विधान दास, संजीत खान, सपन विश्वास, राकेश ढाली, रमेन विश्वास, सुभाष गोलदार, कुंदन कुंजवाल, गणेश वैद्य रहे। (एजेंसी)

# महंगी किताबों पर अभिभावकों के सब्र का बांध टूटा

रुद्रपुर : क्षेत्र में निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की जगह निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें लागू होने से अभिभावकों का सब्र जवाब दे गया है। आक्रोशित अभिभावकों ने जल्द विद्यालयों में एनसीईआरटी की पुस्तकें नहीं लगाने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान उन्होंने निजी स्कूलों के प्रबंधन पर राज्य सरकार की नीतियों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। मंगलवार को अभिभावकों ने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट से मुलाकात की। उन्होंने कहा निजी विद्यालयों में किताबों के साथ फीस में भी बेतहाशा वृद्धि की जा रही है। फीस जमा करने के नियम ऐसे बनाए गए हैं। अभिभावक तीन माह की फीस एक साथ जमा नहीं कर सकते, लेकिन उनसे प्रतिमाह फीस की जगह तीन–तीन माह की फीस एक साथ वसूली जा रही है। कहा वे आर्थिक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसे में निजी स्कूल बच्चों की पढ़ाई के नाम पर शोषण पर उतारू हो गए हैं। उन्होंने कहा इन विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की मंहगी किताबें लगाई जा रही हैं। विद्यालयों का स्कूल ड्रेस से लेकर जूते तक में कमीशन तय कर दिया है। इस दौरान उन्होंने शासन–प्रशासन से निजी स्कूलों के खिलाफ करने की मांग की। इधर, एसडीएम ने बताया कि निजी विद्यालयों की जांच के लिए चार कमेटियों का गठन किया गया। यह कमेटियां दो दिन बाद उन्हें रिपोर्ट सौंपेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद इसे कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। सरकार की मंशा के विपरीत जो भी स्कूल कार्य करते पाए गए, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

### पेट्रोल और डीजल के सैंपल लिए

रुद्रपुर : जिला पूर्ति अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने दिनेशपुर स्थित एक पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पेट्रोल और डीजल की जांच के लिए नमूने लिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, पूर्ति निरीक्षक हरीश चंद्र, इंडियन ऑयल कंपनी के सेल्स ऑफिसर चंद्र शेखर और एसके शर्मा की संयुक्त टीम मंगलवार को मटकोटा मार्ग स्थित नेताजी नगर के गुरुतेग बहादुर पेट्रोल पंप पर पहुंचीं और औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान टीम ने पेट्रोल और डीजल के नमूने जांच को लिए। टीम ने स्टॉक और दस्तावेज का भी बारीकी से निरीक्षण किया। (एजेंसी)

## बाघ के आतंक से ग्रामीण परेशान, विस्थापन की मांग की

रुद्रपुर : झाउपरसा के ग्रामीणों ने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर उनके गांव के लोगों को दूसरी जगह बसाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि झाउपरसा गांव में बाघ की दहशत है। बाघ यहां अब तक तीन लोगों की जान ले चुका है। ऐसे हालातों में यहां रहना आगे संभव नहीं दिख रहा है।

भाजपा नेता राम पांडेय के नेतृत्व में एसडीएम से मिले ग्रामीणों ने कहा कि वह लोग छह दशकों से झाउपरसा में निवास कर मेहनत मजदूरी और खेतीबाड़ी कर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते कुछ समय से यहां बाघ का आना जाना हो गया है। दस माह में तीन बार बाघ तीन ग्रामीणों की जान ले चुका है। इससे ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। लोग मजदूरी करने के लिए अपने गांव से बाहर नहीं जा पा रहे हैं। इससे यहां भुखमरी के हालात बन गए हैं। जिस भूमि पर ग्रामवासी खेती कर अपना और अपने परिवार का गुजारा कर रहे हैं। वहां सिंचाई विभाग द्वारा पानी भर दिया जा रहा है। जबकि पूर्व में ऐसा नहीं होता था। ग्रामीणों ने कहा कि आज उनकी तीसरी पीढ़ी यहां निवास कर रही है। भूमिहीनों ने किसी अन्य जगह सरकारी भूमि पर बसाए जाने की मांग की ताकि वह अपना जीवन यापन कर सकें। इस अवसर पर रामपाल, रतन, कांता प्रसाद, अशोक, राजू आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### दिशांत आईटी सेल के प्रदेश सह संयोजक बने

पिथौरागढ़ : सीमांत के दिशांत अरोड़ा भारतीय जनता युवा मोर्चा के आईटी सेल प्रदेश सह संयोजक बने हैं। मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष शशांक रावत ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। दिशांत ने प्रदेश कार्यकारिणी का आभार जताते हुए कहा कि संगठन ने जिस भरोसे से उन्हें जिम्मेदारी सौपी है, वह उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। दिशांत के आईटी सेल प्रदेश सह संयोजक बनने पर भाजयूमो जिलाध्यक्ष हरीश रावत, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी,जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत, शुभम चंद, मितेश बोहरा, शुभम सौन, गणेश भंडारी, राकेश देवलाल सहित अन्य लोगों ने खुशी जताई है। (एजेंसी)

# शिक्षा को कारोबार बना दिया, अभिभावकों पर बोझ डालना गलत

पिथौरागढ़ : सीमांत में निजी स्कूलों के खिलाफ बार संघ ने धरना दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि शिक्षा को कारोबार बना दिया है। उन्होंने स्कूली बसों के संचालन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि निर्धारित सीटों से अधिक बच्चे बैठाए जाते हैं। मंगलवार को नगर के गांधी चौक में बार संघ अध्यक्ष मोहन चंद्र भट्ट के नेतृत्व में अधिवक्ता एकत्र होकर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया धरने में बैठ गए। बार संघ अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि रिएडमिशन, मेटिरियल, मेंटिनेंस, फीस वापस के नाम अभिभावकों पर बोझ डालना सरासर गलत है। इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने रिएडमिशन व्यवस्था समाप्त करने, डोनेशन प्रकिया बंद होनी चाहिए। कहा कि जब सरकार एनसीआरटी की किताबें लागू करने की बात कह रही है तो फिर क्यों अतिरिक्त अभिभावकों से अतिरिक्त किताबें मंगाई जा रही है। इसके अलावा उन्होंने स्कूल बसों का भी पारदर्शिता के साथ संचालन करने को कहा। कहा कि 20 सीटर बस में 30 से अधिक बच्चे बैठाए जाते हैं। यहां तक कई चालक तो शराब के नशे में बसें संचालित करते हैं। यह बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। स्कूल प्रबंधकों को इस ओर भी ध्यान देना चाहिए। भट्ट ने कहा कि इस संबंध में शीघ्र ही मुख्य शिक्षा अधिकारी से वार्ता की जाएगी। इस मौके पर बार संघ के उपाध्यक्ष अनिल रौतेला, अधिवक्ता आलोक चौधरी, कैलाश जोशी, विक्रांत पुनेड़ा, आईबी पंत, गोंविद धामी, सुधीर चौहान आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

रुद्रपुर : पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। एसआई दरवान सिंह के अनुसार बरकीडांडी में कट्टे लादा हुआ संदिग्ध युवक डैम की ओर से आ रहा था। तलाशी में आरोपी गुरुवचन सिंह निवासी बरकीडाडी के पास मिले कट्टे में रबड़ ट्यूब में शराब मिली। पुलिस ने गुरुवचन को गिरफ्तार कर लिया। (एजेंसी)

## पीएम श्री योजना के तहत सितारगंज ब्लॉक के तीन विद्यालयों का चयन

रुद्रपुर : पीएम श्री योजना के तहत सितारगंज ब्लॉक के तीन सरकारी विद्यालयों का चयन हुआ है। चयनित विद्यालयों को आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित कर सुविधायुक्त बनाया जाएगा। मंगलवार को योजना के तहत चुने गए राइंका शक्तिफार्म, अटल उत्कृष्ट राइंका रूदपुर और जीजीआईसी सितारगंज का राज्य नोडल अधिकारी आकाश सारस्वत ने भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों की शैक्षणिक और भौतिक सुविधाओं का भी जायजा लिया। प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी और प्रभारी प्रधानाचार्य जगदीश ततरानी ने नोडल अधिकारी को विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं से अवगत कराया। राज्य नोडल अधिकारी सारस्वत ने बताया चयनित विद्यालयों में नवीनतम तकनीक, स्मार्ट कक्षा, डिजिटल पुस्तकालय, कौशल, कंप्यूटर और विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। इसके अलावा खेल और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ सभी छात्रों के लिए एक सुरक्षित, प्रोत्साहित करने वाले शैक्षिक वातावरण में सीखने एवं अलग अनुभव प्रदान करने वाली अच्छी ढांचागत व्यवस्था एवं समुचित संसाधनों की उपलब्धता को सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर कार्तिक स्वर्णकार, डीपी सेन, हयदेश चौहान, डॉ. मृत्युंजय सिंह, संजय कुमार, वीरपाल सिंह, अजय कुमार वाजपेयी, सुभाष सिंह, शाहीन जहीर रहे। (एजेंसी)

# सरकारी जमीन की रजिस्ट्री कर हड़प लिए 19.76 लाख रुपये



देहरादून। जमीन बेचने की डील कर पुलिस लाइन रेसकोर्स निवासी सरकारी कर्मचारी से 19.76 लाख रुपये हड़प लिए गए। पीड़ित की पत्नी भी पुलिस में सब इंस्पेक्टर हैं। यह रकम आरोपियों को दी गई। वहीं रजिस्ट्री और मौके पर कुछ निर्माण हुआ तो पीड़ित कुल 28.11 लाख रुपये खर्च हुए। इसके बाद पीड़ित को पता लगा कि यह जमीन सरकारी है। रकम साल 2019 में दी गई। पीड़ित की तहरीर पर दंपति समेत तीन लोगों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि पुलिस लाइन रेसकोर्स में रहने वाले हरेंद्र सिंह रावत ने तहरीर दी। उनकी तहरीर पर नीरज शर्मा व उसकी पत्नी आशु शर्मा निवासी डांडा लखौंड और अंजलि शर्मा निवासी किला मोहल्ला, पुरानी सब्जी मंडी, काशीपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित का आरोप है कि जनवरी 2019 में नीरज शर्मा ने डांडा लखौंड में 250 वर्गमीटर जमीन दिखाई। बताया कि वह और अंजलि शर्मा जमीन के मालिक हैं। नीरज ने कहा कि अंजलि शर्मा ने उसकी पत्नी आशु के खिलाफ जमीन की पॉवर ऑफ आटर्नी दी हुई है। सरकारी सर्किल रेट पर जमीन दिलाने की डील की। आरोपियों ने फर्जीवाड़े से पीड़ित को जमीन की रजिस्ट्री करा दी। रजिस्ट्री और मौके पर बाउंड्री वॉल बनाने में उनके कुल 28.11 लाख रुपये खर्च हुए। इसके बाद पीड़ित को पता लगा कि उन्हें फर्जीवाड़े से सरकारी जमीन रजिस्ट्री कराई गई। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### आदि गुरु शंकराचार्य का नाम से हो जौलीग्रांट एयरपोर्ट की पहचान : मोहित

देहरादून। परवादून जिला कांग्रेस कमेटी ने जौलीग्रांट एयरपोर्ट का नाम बदलकर आदि गुरु शंकराचार्य के नाम पर करने की मांग उठाई। जिला अध्यक्ष मोहित उनियाल की अगुवाई में मंगलवार को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। कांग्रेस परवादून जिलाध्यक्ष उनियाल ने कहा कि मंगलवार को जगत गुरु शंकराचार्य की जयंती थी। आदि गुरु शंकराचार्य भारत के एक महान दार्शनिक एवं धर्मप्रवर्तक थे। उन्होंने भारतवर्ष में चार कोनों में चार मठों की स्थापना की थी, जो बहुत प्रसिद्ध और पवित्र माने जाते हैं। इन पर आसीन संन्यासी ह्यशंकराचार्य कहे जाते हैं।

## मुख्य सचिव डॉ. संधु ने की विशेष सहायता योजना के तहत योजनाओं की समीक्षा



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने मंगलवार को सचिवालय स्थित अपने सभागार में विशेष सहायता योजना के तहत योजनाओं की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2022–23 के उपयोग प्रमाण पत्र (यूसी) शीघ्र भेजे जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि फेस 2 के प्रस्तावों को भेजे जाने की अंतिम तिथि 5 मई है। उन्होंने सभी विभागों से शीघ्र प्रस्ताव भेजे जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने चल रहे कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के लिए साप्ताहिक समीक्षा किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग द्वारा एएनपीआर कैमरा लगाए जाने के प्रस्ताव के सम्बन्ध में अधिकारियों निर्देश देते हुए कहा कि आईटीडीए और परिवहन विभाग एएनपीआर के लिए एक एकीकृत प्रणाली और कंट्रोल रूम तैयार करे।इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, दिलीप जावलकर एवं डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

### संक्षिप्त समाचार

#### चोरों ने एटीएम में बोला धावा, नगर में सनसनी

अल्मोड़ा : नगर में चोरों के हौंसले बुलंद हैं। नैनीताल बैंक और सदर डाकघर के ताले तोड़ने के बाद अब मंगलवार तड़के सुबह चोरों ने नगर में एचडीएफसी बैंक के एटीएम का शटर तोड़ कर एटीएम मशीन तोड़ने का प्रयास किया। हालांकि सफलता नहीं मिली। लेकिन चोरी के प्रयास की सिलसिलेवार वारदातो से नगर में सनसनी है। गत 22 मार्च को स्थानीय नैनीताल बैंक की शाखा में ताले तोड़ने के बाद पांच दिन पहले चोरों ने सदर बाजार स्थित डाकघर के भी ताले तोड़कर चोरी का असफल प्रयास किया था। इधर, मंगलवार तड़के करीब चार बजे चोरों ने नगर में सीबीआई के पास स्थित एचडीएफसी बैंक के एटीएम का शटर तोड़कर भीतर एटीएम मशीन तोड़ने का नाकाम प्रयास किया। सूचना पर मौके पर पहुंचे एसएसआई सुनील बिष्ट ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना स्थल पर पुलिस को शटर तोड़ने में प्रयोग किया गया सब्बल बरामद हुआ। पुलिस तफ्तीश में जुट गई है। (एजेंसी)

#### चंडाक के जंगल तेजी से सुलगने लगे

पिथौरागढ़ : सीमांत में तापमान में तेजी के साथ ही जंगल सुलगने लगे हैं। मंगलवार को चंडाक मार्ग स्थित पुनेड़ी के जंगल में एकाएक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इससे वन संपदा को तो नुकसान हुआ ही छोटे पौधे भी आग से झुलस गए। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। कर्मचारियों ने उक्त स्थान पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। सीमांत में अब तक वनाग्नि की 35 से अधिक घटनाएं घट चुकी है। वनों में लग रही आग वन्य जीवों के मुसीबत बनी हुई है। (एजेंसी)

#### गुरिल्लों ने प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

पिथौरागढ़ : गुरिल्ला संगठन ने न्यायालय के निर्णय के बावजूद मांगे पूरी न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने शासन–प्रशासन को चारधाम यात्रा सहित कैलाश यात्रा रोकने की चेतावनी दी है। मंगलवार को नगर के रामलीला मैदान में केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मानंद डालाकोटी के नेतृत्व में गुरिल्ला एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि बीते 16 सालों से वे नौकरी, पेंशन सहित अन्य मांगों को लेकर संघर्षरत है, लेकिन सरकार उनकी लगातार अनदेखी करती आ रही है। लेकिन अब वह पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार उनका हक उन्हें नहीं दे देती वे आंदोलन जारी रखेंगे। यहां इंद्र सिंह खोलिया, टीएस बोरा, पूरन राम, दीवान, हीरा आदि लोग शामिल रहे। (एजेंसी)

#### 16.44 लाख का प्रतिकर देने का आदेश

काशीपुर : मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद की सुनवाई करते हुए एमएसीटी/ द्वितीय एडीजे ने मृतक आश्रितों को 16.44 लाख रुपये की राशि का भुगतान छः प्रतिशत ब्याज की दर से इंश्योरेंस कंपनी को करने के आदेश दिए हैं। रामनगर (नैनीताल) निवासी फूलवती ने अपने अधिवक्ता अफसर अली खां के माध्यम से अदालत में परिवाद दायर किया था। कहा था 13 फरवरी 2019 को वह अपने पति भगत सिंह के साथ बाजपुर जा रही थी।

# डबल इंजन की सरकार को सिर्फ आलीशान बंगलों में रहने वालों का ही ख्याल: कांग्रेस



विकासनगर। तीओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को पोस्टकार्ड भेजकर आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों को पका हुआ पौष्टिक आहार मुहैया कराने की मांग की है। बताया कि कांग्रेस शासनकाल में शुरु की गई कल्याणकारी योजनाओं को साजिश के तहत बंद किया जा रहा है, जिसका खामियाजा गरीब जनता को भुगतना पड़ रहा है। पोस्टकार्ड प्रेषित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष लक्ष्मी अग्रवाल ने कहा कि बाल विकास कार्यक्रम के तहत पौष्टिक आहार देने का प्रावधान किया गया। कांग्रेस सरकार द्वारा पारित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 में भी इसे स्वीकार किया गया। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने इस वर्ष फरवरी माह से पका हुआ पौष्टिक आहार देना बंद कर दिया है। इसके बदले आंगनबाड़ी केंद्रों में चावल और गेहूं वितरित किया जा रहा है, जिससे इस योजना का मूल उद्देश्य ही समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि राजनैतिक स्वार्थ के चलते भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के शासनकाल में शुरू की गई योजनाओं को बंद कर रही है, जिसकी मार गरीब जनता पर पड़ रही है। कहा कि डबल इंजन की सरकार को देश में सिर्फ उच्च कुलीन वर्ग ही दिखाई देता है, जो आलीशान बंगलों में रहते हैं। जिन्हें सरकारी योजनाओं की वास्तविक जरूरत है, वो डबल इंजन की सरकार को दिखाई नहीं देते हैं। इस दौरान सहसपुर ब्लॉक अध्यक्ष अमित पंवार, अशोक नेगी, संजीव उपाध्याय, विशाल रावत आदि मौजूद रहे।

बच्चे को प्रतिदिन पांच सौ कैलोरी पोषण मिलता थाः हरबर्टपुर नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से भी इसी मुद्दे को लेकर पीएम और सीएम को पोस्टकार्ड भेजे गए। नगर अध्यक्ष आशीष पुंडीर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में पका हुआ पौष्टिक आहार मिलने से प्रत्येक बच्चे को पांच सौ कैलोरी के बराबर पोषण मिलता था।

### प्लास्टिक के खिलाफ मुनिकीरेती पालिका का अभियान

ऋषिकेश। नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती–ढालवाला ने क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 80 से अधिक रेहड़ियों पर छापेमारी की गई। पॉलीथिन का प्रयोग करने पर 17 रेहड़ी विक्रेताओं के चालान कर 6200 रुपये का जुर्माना वसूला गया। मंगलवार को सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट एवं मृदुल के नेतृत्व में पालिका की क्यूआरटी ने 14 बीघा स्थित सब्जी मंडी में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री पालीथिन, प्लास्टिक डिस्पोजल, प्लास्टिक स्ट्रा, प्लास्टिक के चम्मच, कांटे आदि की रोकथाम के लिए नगर पालिका लगातार प्रयासरत है।

## चकराता में बारिश के साथ भारी ओलावृष्टी

विकासनगर। सुबह से चकराता क्षेत्र में चटख धूप खिली रही। लेकिन दोपहर तीन बजे बाद एकाएक मौसम ने करवट बदली। आसमान में घने काले बादल छाने लगे और देखते ही देखते क्षेत्र में बारिश होने लगी। कुछ देर बाद ओलावृष्टि का दौर शुरू हुआ काफी देर तक पड़े मोटे ओलों की परत सड़क सहित चारों ओर जम गई। जिससे चकराता व आसपस के इलाकों में सर्दी भी बढ़ गयी। अचानक हुई भारी ओलावृष्टि से खेती व बागवानी को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उधर, विकासनगर में आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी हुई। आंधी तूफान के साथ बूंदाबांदी होने से खेतों में काटी गई गेहूं की फसल को नुकसान हो सकता है। दोपहर बाद अचानक बदले मौसम के बाद आसमान में घने काले बादल मंडराने लगे। देखते ही देखते भारी बारिश के साथ चकराता व आसपास के गांवों लोहारी, लोखंडी, मुंगाड, जाड़ी, सिजला, कोटी, कनासर, मोहना, सुजऊ रावना, पाटी आदि में भी भारी ओलावृष्टि होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगो को दोबारा सर्दी का एहसास होने लगा। शाम के समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आये। बारिश और ओलावृष्टि से मटर, आड़ू, पुलम, आलू बुखारा, नाशपाती, चिल्लू, सेब सहित मसूर, जौ, आलू आदि की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। काश्तकारों का कहना है कि इस बेमौसमी बारिश व अतिवृष्टि से उन्हें बहुत नुकसान हो रहा है।

### मां–बेटी को पीटने पर मुकदमा

ऋषिकेश। श्यामपुर स्थित चोपड़ा फार्म में एक शख्स ने महिला और उसकी नाबालिग बेटी से गाली–गलौच कर दी। विरोध करने पर आरोप है कि मारपीट भी की। आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने के दौरान आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बालकराम पुत्र स्व. दशरथ प्रसाद थपलियाल निवासी चोपड़ा फार्म, श्यामपुर, ऋषिकेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक खुशी राम पांडे ने बताया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# कृषि मंडी परिषद साहिया में काश्तकारों को करना पड़ रहा घंटों इंतजार

विकासनगर। जौनसार बावर परगने की एकमात्र कृषि उत्पादन मंडी साहिया में किसानों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। कई बार अपनी नगदी फसलें बेचने के लिए काश्तकारों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। अव्यवस्थाओं के चलते अधिकांश किसान साहिया के बजाय विकासनगर मंडी में अपने उत्पाद बेचने आते हैं, जिससे उन पर अधिक आर्थिक भार पड़ता है।

आलम यह है कि यहां आने वाले किसानों को पीने का पानी तक मुहैया नहीं हो रहा है। जौनसार बावर कृषि प्रधान क्षेत्र है।

यहां परंपरागत फसलों के साथ ही नगदी फसलों का उत्पादन बड़े पैमाने पर होता है। किसानों को बाजार की सुविधा मुहैया कराने के लिए तीन दशक पूर्व साहिया में कृषि उत्पादन मंडी परिषद की स्थापना की गई। लेकिन स्थापना काल से ही अभी तक यहां नियमित अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती नहीं हुई। विकासनगर मंडी परिषद में कार्यरत मंडी सचिव और इंस्पेक्टर ही साहिया की व्यवस्थाओं का संचालन करते हैं। नियमित तौर पर सक्षम अधिकारियों के मौजूद नहीं होने कारण यहां अक्सर अव्यवस्थाएं फैली रहती हैं।

आलम यह है कि मंडी परिसर में काश्तकारों के लिए शौचालय, पेयजल और बैठने की सुविधा भी नहीं है, जबकि करीब अस्सी किमी की दूरी तय कर यहां किसान अपनी उपज को बेचने आते हैं। कई बार अधिकारी, कर्मचारियों की गैरमौजूदगी के कारण किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

# ब्लॉक प्रमुख दंपत्ति को मिला आत्मनिर्भर भारत राष्ट्रीय ग्राम्य सशक्तिकरण पुरस्कार

### क्षेत्र में बेहतर विकास कार्यों के लिए कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने दिया सम्मान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर विकास कार्य करने पर प्रदेश सरकार की ओर से ब्लॉक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र सिंह राणा व उनकी पत्नी कल्जीखाल ब्लॉक प्रमुख मीना राणा को आत्मनिर्भर भारत राष्ट्रीय ग्राम्य सशक्तिकरण पुरस्कार-2023 से नवाजा गया है। यह पुरस्कार कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की ओर से दोनों दंपत्ति को देहरादून में दिया गया।



देहरादून में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दंपत्ति ब्लॉक प्रमुख को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल।

देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने द्वारीखाल ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा व कल्जीखाल ब्लाक प्रमुख बीना राणा को राष्ट्रीय ग्राम्य सशक्तिकरण पुरस्कार दिया। महेंद्र सिंह राणा व उनकी पत्नी बीना राणा भारत के पहले ऐसे पति-पत्नी हैं जो निर्वरोध ब्लॉक प्रमुख निर्वाचित हुए हैं। दोनों ब्लॉक प्रमुखों ने 350 से अधिक गरीब परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए गोद भी लिया हुआ है। यही नहीं उनके द्वारा ब्लॉक भवनों को भव्य व आधुनिक तरीके से भी बनाया गया है। ग्राम पंचायतों में लगातार बच्चों के लिए पार्कों का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री शेड का निर्माण हो रहा है। ब्लॉक प्रमुख बीना राणा द्वारा विकासखंड कल्जीखाल के मुख्यालय में अतिथि गृह का निर्माण करवाया गया है। महिलाओं को समूह के माध्यम से स्वजगार से जोड़ने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। ब्लाक प्रमुख महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से यह पुरस्कार दिया गया है। इससे पूर्व भी उन्हें कई राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। कल्जीखाल ब्लाक प्रमुख मीना राणा ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य अपने क्षेत्र के बेहतर विकास का है। इसके लिए वह लगातार प्रयास कर रही है। धरातल पर हो रहे कार्यों को देखते हुए सरकार ने उन्हें यह पुरस्कार दिया है।



# कार में लगी आग, दमकल ने पाया काबू



कार में लगी आग पर काबू पाते दमकल कर्मी व स्थानीय लोग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : काशीरामपुर मल्ला अनूप बिहार के समीप खाली मैदान में खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई। कार चालक ऋषिकेश से अपने दोस्त से मिलने कोटद्वार पहुंचा हुआ था। अग्निशमन अधिकारी सुरेश चंद्र ने बताया कि घटना सोमवार दोपहर की है। ऋषिकेश निवासी गुणानंद व्यास काशीरामपुर मल्ला में अपने किसी मित्र से मिलने के लिए पहुंचा था। खाली मैदान में गाड़ी खड़ी करने के बाद जैसे ही गुणानंद आगे बढ़े तो उनकी कार में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया जिससे एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

# विलुप्तप्राय औषधीय पादपों के संरक्षण की विधियों को खोजने पर शोध कार्य जरूरी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल की एक बैठक डाबर इंडिया लि. के प्रतिनिधियों के साथ की गई।

बैठक में कुलपति ने कहा कि डाबर इंडिया लि. अपने कारपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) फंड के तहत विवि में एक विश्वस्तरीय औषधीय पौधा पार्क की स्थापना में अगर सहयोग करता है तो कंपनी के लिए यह बड़ी उपलब्धि होगी।कुलपति ने विवि के कृषि संकाय के डीन को औषधीय पौधों के संरक्षण के लिए भेषज विज्ञान विभाग, पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं विश्वविद्यालय के अन्य सबंधित विभागों को जोड़कर एक नई पहल करने के निर्देश दिए। जिससे सभी विभाग औषधीय पादप के बारे में दी जा रही शिक्षा एवं किए जा रहे शोधों को धरातल पर उतारने में सफल साबित हो सकें। प्रो. नौटियाल ने कहा कि विलुप्तप्राय औषधीय पादपों के संरक्षण की विधियों को खोजने पर शोध कार्य किया जाना जरूरी है। जिसके लिए डाबर इण्डिया लि. जैसी मल्टीनेशनल आयुर्वेदिक कंपनियों का सहयोग लिया जा सकता है क साथ ही मध्य हिमालय में भी विभिन्न प्रकार के अवरोधों से किसानी, कास्तकारी से दूर जा रहे लोगों की आजीविका के लिए महत्वपूर्ण घटकों को निजात किए जाने पर भी कार्य किया जाना जरूरी है। (एजेंसी)

### नाराज शंकराचार्य 1 घंटे तक समाधि स्थल पर बैठे रहे

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ में आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के मौके पर समाधि स्थल में उचित सफाई नहीं होने से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज नाराज हो गए। साथ ही उन्हें प्रोटॉकाल के तहत दर्शन न किए जाने पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। शंकराचार्य ने एक घंटे तक समाधि स्थल से बाबा केदार के शिखर दर्शन किए। बाद में प्रशासन और बीकेटीसी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग्रह करते हुए शंकराचार्य को दर्शन कराए। समाधि स्थल पर एक घंटे बैठे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि मंदिर के कपाट खुलने के मौके पर उन्हें भी शंकराचार्य होने के नाते प्रोटोकॉल में दर्शन करने की अनुमति दी जानी चाहिए थी, किंतु उन्हें इस व्यवस्था से बाहर रखा गया। हालांकि बाद में प्रशासन और बीकेटीसी के अधिकारियों की टीम ने शंकराचार्य से आग्रह किया और उन्हें सम्मान सहित मंदिर में दर्शन करवाए। (एजेंसी)

### हिमालय पुत्र बहुगुणा को किया याद

श्रीनगर गढ़वाल : उत्तर प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे हिमालय पुत्र हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका भावपूर्ण स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को श्रीनगर गोला पार्क स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति पर माल्यापर्ण के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण ने कहा कि हेमवती नंदन बहुगुणा ने उत्तराखंड के समग्र विकास की अवधारणा को फलीभूत करने के साथ पृथक उत्तराखंड राज्य की नींव रख दी थी। उनके ही प्रयासों से गढ़वाल में गढ़वाल विश्वविद्यालय सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शुभारंभ हुआ था। इस मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री अनीता बुड़ाकोटी, गिरीश पैन्यूली, जितेंद्र रावत, लखपत सिंह भंडारी, मीना गैरोला, संजय गुप्ता, सौरभ पांडे, दिनेश पटवाल, वासुदेव कंडारी, दिनेश असवाल, बिपेंद्र सिंह बिष्ट, अमित जुगरान, उषा कंडारी, मीना असवाल, मोनिका कंडारी, प्रीति गोस्वामी सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# चौपाल में 15 शिकायतें दर्ज, 6 का किया निपटारा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशन पर सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत विकासखंड पोखड़ा के ग्राम पंचायत खिलासू में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। चौपाल में कुल 15 शिकायतें ग्रामीणों ने दर्ज कराई। जिसमें से मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी केएस कोहली ने बताया कि ग्राम पंचायत खिलासू में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। इस दौरान ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड, मनरेगा कार्य, गांव में बारात घर की मरम्मत, सोलर लाइट, सीसी मार्ग, गौशाला, जंगली-जानवरों से निजात पाने के लिए घेरबाड़ सहित अन्य समस्याएं उठाई गई। कहा कि मौके पर 6 समस्याओं का समाधान किया गया व अन्य समस्याएं संबंधित विभागों को प्रस्तुत की गई है। इस दौरान वहां उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने–अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी मुकेश सेमवाल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी नमेंद्र सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला रावत, पूर्ति निरीक्षक आलोक बर्तवाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।



: जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी केएस कोहली ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए।

# गढ़वाल विवि के 5 छात्रों को 3.2 लाख और 2 छात्रों को मिला 2.8 लाख का पैकेज

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के सात छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट मिला है। गढ़वाल विवि के कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेन्ट सेवा विभाग के कार्यालय सहायक संतोष घिल्डियाल ने दावा किया कि ग्राट थ्रोरोंटन कंपनी के सहयोग से बीकॉम, एमकॉम एवं एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के प्लेसमेन्ट हेतु साक्षात्कार चौरास परिसय के वाणिज्य विभाग में सम्पन्न हुआ। जिसमें एबीए विभाग के कपिल कांत जोशी, आशीष, चारु तोमर, अखिलेश, अमन धुलिया का चयन ग्राट थ्रोरोंटन कंपनी में 3.2 लाख रूपये प्रतिवर्ष पैकेज पर कंसलटेंट (एसआई) के पद पर हुआ है। जबकि बीकाम के दो छात्र अमित बिष्ट और इसिका नेगी का 2.8 लाख रूपए प्रतिवर्ष के पैकेज पर सीनियर एसोसिएट के पद पर हुआ है। इस मौके पर कंपनी के निदेशक भाष्कर ढौंडियाल, विपिन सक्सेना, अनिल रावत, आशुतोष झा, रितिका लिंगवाल ने छात्रों का साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया को संपन्न किया। मौके पर कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेन्ट सेवा सेल के निदेशक प्रो. एसके गुप्ता, वाणिज्य विभाग के संकायाध्यक्ष प्रो. वीसी शर्मा, प्रो. आरसी डंगवाल, डॉ. महेन्द्र बाबू, अमित प्रसाद कोठारी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### बच्चों और शिक्षकों ने सीखें सीपीआर देने के गुर

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर के एनेस्थीसिया विभाग द्वारा रेनबो पब्लिक स्कूल में कार्डियोप्लमोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) की प्रशिक्षण दिया गया।

इस मौके पर एनेस्थिसिया विभाग के एचओडी डॉ. अजेय विक्रम सिंह ने बच्चों और शिक्षकों को सीपीआर का प्रशिक्षण देते हुए बताया कि सीपीआर आपातकालीन स्थिति में दी जाने वाली जीवनरक्षक प्रक्रिया है। इस जीवन रक्षक प्रक्रिया के द्वारा हम सिर्फ अपने दोनों हाथों से ही किसी व्यक्ति की रुकी हुई हृदय गति को वापस लाने की कोशिश करते हैं। समय रहते यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा उचित तरीके से सीपीआर की प्रक्रिया को किया जाय तो उस व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।

### मन की बात कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की

नई टिहरी : भाजपा पदाधिकारियों की ओर से प्रतापनगर विधानसभा के लंबगांव कस्बे में बैठक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड की तैयारियों पर चर्चा की गई। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम सिंह चौहान ने कहा कि 30 अप्रैल को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम 100 वें एपिसोड में देश की जनता को संबोधित करेंगे। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हर्ष मणि सेमवाल, मंडलध्यक्ष राजपाल राणा, त्रिलोक राणा, विवेक भट्ट, नंद किशोर पैन्यूली, रमेश सेंधिया, राजेंद्र रावत, राकेश रागड़, उम्मेद सिंह रावत, होशियार सिंह, दिवान सिंह, पंकज महर, भगवान सिंह भंडारी, वृजेश चौहान, राकेश राणा, नितित कंसवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# विस्थापन न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी

नई टिहरी : प्रतापनगर तहसील के ग्राम भेलुंता के तहत छेरदानू में कई महीनों से दैवीय आपदा की मार झेल रहे तीन परिवार विस्थापन की मांग कर रहे हैं। लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लगातार हो रही बारिश से यह परिवार रहने के लिए यहां-वहां भटकने को मजबूर हैं। प्रधान भेलुंता ने इस बाबत डीएम को पत्र लिखकर रोष जताया। विस्थापन न होने पर आंदोलन की बात भी कही।

प्रधान ग्राम पंचायत भेलुंता दिनेश जोशी ने डीएम को लिखे पत्र में बताया कि छेरदानू के दैवीय आपदा प्रभावित तीन परिवारों का न तो विस्थापन किया जा रहा है, नहीं उनके भवनों को बचाने के लिए सुरक्षात्मक कार्य किये जा रहे हैं। मामले में डीएम के आश्वासन के महीनों बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रधान दिनेश जोशी ने दैवीय आपदा प्रभावितों को लेकर प्रशासन की शिथिल कार्यवाही पर रोष जताते हुए दैवीय आपदा प्रभावितों के हित ठोस कार्यवाही की मांग की है। प्रभावितों में प्रकाश लाल, मुरारी लाल और सुंदर लाल का कहना है कि यदि जिला प्रशासन उनका पुर्नवास नहीं करता है, तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। वरिष्ठ कांग्रसी नेता मुरारी लाल खंडवाल ने प्रशासन की इस शिथिलता पर खुल नाराजगी जाहिर कर कहा कि प्रशासन दैवीय आपदा प्रभावितों को लेकर संवेदनहीन है। प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी भी इस मामले में डीएम डॉ. सौरभ को अवगत करा चुके हैं। (एजेंसी)

### छात्रों के चयन पर जताई खुशी

नई टिहरी : न्यू टिहरी इंटरनेशनल स्कूल पैन्यूला के छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल फास्ट 5 नेटबॉल चैंपियनशिप के लिये चयन हुआ है। चयनित छात्रों में अभिषेक, शिवांशु, हर्षित, नवदीप, किशोर और सौम्य शामिल है। विद्यालय निदेशक जेएस जॉली ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप का आयोजन नई दिल्ली में होगा, चयनित छात्र 20 मई से 23 मई तक प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रवीण चंद्र सहित शिक्षकों ने छात्रों के चयन पर खुशी जताई है। (एजेंसी)

# प्रशासन ने पुर्नवास विभाग की भूमि से हटाया अतिक्रमण



नई टिहरी : पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका ने होटल मैनेंजमेंट संस्थान के निकट सेक्टर 31 में धार्मिक स्थल के नाम पर पुर्नवास विभाग की भूमि पर किये गये अतिक्रमण को मय फोर्स हटाया।

नई टिहरी तहसीलदार आशीष घिल्डियाल ने बताया कि पुर्नवास विभाग की भूमि पर हरीश राजपाल ने लंबे समय से धार्मिक स्थल की आड़ में अवैध कब्जा किया हुआ था। यह अवैध कब्जा 121 वर्ग मीटर भूमि पर किया गया था। जिसे लेकर पुर्नवास विभाग ने अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। जिसे लेकर अतिक्रमणकारी को लगातार नोटिस भी जारी किये गये। मंगलवार को पुलिस फोर्स के साथ पुर्नवास विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में प्रशासन ने अतिक्रमण को हटा दिया। तहसीलदार ने कहा कि अतिक्रमण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। (एजेंसी)

### नेत्रदान जनजागरूकता एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश ने थानो क्षेत्र में नेत्रदान जनजागरूकता एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संस्थान के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 92 लोगों का नेत्र परीक्षण कर उन्हें दवा का वितरण किया। इस दौरान 44 लोगों ने नेत्रदान की शपथ ली। मंगलवार को एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर मीनू सिंह के मार्गदर्शन में नेत्र रोग विभाग और सामुदायिक और परिवार चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिविर आयोजित किया गया। इसमें संस्थान के चिकित्सकों ने मरीजों की आंखों की जांच की और जरूरतमंद लोगों को दवा के साथ ही चश्मे के नंबर उपलब्ध कराए। नेत्र विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजीव कुमार मित्तल, एसोसिएट प्रोफेसर नीती गुप्ता, सामुदायिक और परिवार चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वर्तिका सक्सेना, डॉ. अजीत भदौरिया का सहयोग रहा।

# मलेरिया के लक्षण व बचाव के बारे में जानकारी दी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में विश्व मलेरिया दिवस पर गोष्ठियों का आयोजन कर मलेरिया के लक्षण व उससे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं को मलेरिया रोग से बचाव से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम, सीएचओ के द्वारा मलेरिया बीमारी, उसके लक्षण व बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने हाथों से पोस्टर बनाकर मलेरिया रोकथाम के उपायों के प्रति जागरुक किया।



इसके साथ ही जीआईसी अगस्त्यमुनि में आयोजित कार्यक्रम में ऐपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. शाकिब हुसैन ने कहा कि मलेरिया का मच्छर साफ पानी में ठहरता है, लिहाजा मलेरिया से बचाव के दृष्टिगत घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। उन्होंने पानी से भरे गड्ढों को मिट्टी से भरने, पानी के बर्तन व टंकी को ढक कर रखने, नालियों में पानी न रुकने देने, नियमित सफाई करने, दरवाजों में जाली का प्रयोग करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि ठंड के साथ बुखार आना, सिरदर्द होना, जी मिचलाना, कमजोरी महसूस होना, भूख न लगना आदि मलेरिया बुखार के लक्षण हैं। उन्होंने मलेरिया के लक्षण प्रतीत होने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल निकटतम चिकित्सा केंद्र में संपर्क करने की अपील की।

इस मौके पर कलम सिंह, ज्योति, प्रभा देवी, अंजलि, विजया आर्य, मोहिता, रोशनी देवी आदि मौजूद रहे।

# बिना एचयूआईडी के ज्वैलरी न खरीदें : बिश्नोई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ब्यूरो के वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख सुधीर बिश्नोई ने कहा कि 1 अप्रैल 2023 से हॉलमार्क अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बिना एचयूआईडी (हॉल मार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर) के ज्वैलरी ना खरीदने की अपील की।



ब्यूरो के वरिष्ठ निदेशक एवं प्रमुख सुधीर बिश्नोई ने भारतीय मानक ब्यूरो की गतिविधियों, हालमार्क एवं आईएसआई मार्क के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भारतीय मानकों के अधिकाधिक प्रयोग पर जोर देने, सभी विभागों से निविदाओं में भारतीय मानकों का उल्लेख करने तथा आईएसआई मार्क प्रमाणित वस्तुओं की खरीदारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने साथ ही बीआईएस के आनलाइन प्लेटफार्म एवं आईएस-।आई केयर एप्प के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो भारत सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक स्वायत्तशासी निकाय है जो उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत आईएसआई मार्क हॉल मार्किंग योजना के अंतर्गत हालमार्क एवं इसी प्रकार के अन्य प्रमाणन योजनाओं को संचालित करने वाला राष्ट्रीय मानक निकाय है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने सभी अधिकारियों से बीआईएस के मानकों का पालन करने तथा भारत मानक ब्यूरो के अधिकारियों से जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर रखने का सुझाव दिया।

### कृषि मंडी परिषद साहिया में सुविधाएं कम, दुश्वारियां ज्यादा

विकासनगर। जौनसार बावर परगने की एकमात्र कृषि उत्पादन मंडी साहिया में किसानों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं। कई बार अपनी नगदी फसलें बेचने के लिए काश्तकारों को घंटों इंतजार करना पड़ता है। अव्यवस्थाओं के चलते अधिकांश किसान साहिया के बजाय विकासनगर मंडी में अपने उत्पाद बेचने आते हैं, जिससे उन पर अधिक आर्थिक भार पड़ता है।

### मई से यात्रा के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद

ऋषिकेश। 21 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा फिलहाल धीमी है। लेकिन, मई महीने से यात्रा के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद जतायी जा रही है। लिहाजा संभावित भीड़ के चलते परिवहन विभाग ने अव्यवस्थाओं से बचने के लिए तैयारियां चाक–चौबंद कर ली है। एआरटीओ में ग्रीन कार्ड के लिए मारामारी नहीं हो, इसके लिए दो और काउंटर बढ़ा दिए गए हैं। अब एआरटीओ में चार काउंटर हो गये हैं। चारधाम यात्रा पर रवाना होने से पहले यात्री वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड अनिवार्य है। इसके लिए वाहन लेकर एआरटीओ आना पड़ता है, जहां वाहन की फिटनेस से लेकर इंश्योरेंस, रोड टैक्स आदि दस्तावेजों की गहनता से जांच के बाद ऑनलाइन ग्रीन कार्ड जारी किया जाता है। हरिद्वार रोड बाईपास मार्ग पर एआरटीओ में अभी तक ग्रीन कार्ड के लिए दो काउंटर काम रहे थे, अब इनकी संख्या बढ़ाकर चार कर दी गई है। मई में चारधाम यात्रा तेज होने की संभावना जतायी जा रही है। तीर्थयात्रियों की भीड़ उमड़ने से यात्री वाहनों के लिए ग्रीन कार्ड बनवाने का भी दबाव रहेगा।

## उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने किया विजेता टीम का अभिनंदन



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक 33वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रिकेट महिला चैंपियनशिप की विजेता टीम के साथ।

**जयन्त प्रतिनिधि**

**दिल्ली :** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित बड़ौदा हाउस में 33वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रिकेट महिला चैंपियनशिप की विजेता टीम के खिलाड़ियों का अभिनंदन किया।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में 10 से 16 अप्रैल तक पीएलडब्ल्यू क्रिकेट स्टेडियम, पटियाला में 33वीं अखिल भारतीय रेलवे क्रिकेट महिला चैंपियनशिप का आयोजन पटियाला लोकोमोटिव वर्कस खेल-कूद संघ द्वारा किया गया था। उत्तर रेलवे की महिला क्रिकेट टीम ने इस चैमपियनशिप में जीत दर्ज की। भारतीय रेल के जोनो/यूनिटों की कुल 8 टीमों ने इस चैमपियनशिप में भाग लिया। इस चैम्पियनशिप में पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज जैसी अनैक प्रख्यात और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट हस्तियां मौजूद थीं। इस चैम्पियनशिप का फाइनल मैच उत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के बीच खेला गया। उत्तर मध्य रेलवे ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट खोकर 195 रन बनाए थे। उत्तर रेलवे ने 44.5 ओवर में 8 विकेटों के नुकसान पर इस लक्ष्य को पार कर चैंपियनशिप जीत ली। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने महिला क्रिकेट टीम को बधाई दी और भविष्य में भी इसी तरह सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

## पीएफआई के खिलाफ एक्शन, एनआईए की देशभर में रेड– 17 ठिकानों पर मारा छापा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** एक बार फिर पीएफआई को लेकर जांच एजेंसियों ने दबिश दी है। देशभर में एनआईए की रेड चल रही है। एनआईए ने यूपी, बिहार और मध्य प्रदेश की 17 लोकेशन पर छापेमारी की है। जांच एजेंसियों को विशेष इनपुट मिला था कि अभी भी पीएफआई संगठन गैरकानूनी काम कर रहा है। इसके बाद एक सात एनआ-ईए की कई टीमें 17 जगहों पर छापेमारी कर रही हैं।

बिहार की फुलवारी शरीफ में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसको लेकर दरभंगा के उर्दू बाजार में भी रेड हुई है। दरभंगा में भी एनआईए की कार्रवाई हो रही है। जानकारी के मुताबिक यहां पर एनआईए दो लोकेशन पर रेड कर रही है। दरभंगा शहर के उर्दू बाजार में डॉक्टर शारिक रजा के घर रेड हो रही है। दरभंगा में ही सिंहवाड़ा थाना एरिया के शंकरपुर में महबूब के घर पर भी छामेपारी की जा रही है। ये पहली बार नहीं है कि जब जांच एजेंसी ने ऐसी कार्रवाई की हो। इसी साल जनवरी में एनआईए ने फुरवाली शरीफ के टेरर मॉड्यूल के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें जो आरोप लगाए थे वो बेहद खौफनाक थे। अगर समय रहते पीएफआई के टेरर मॉड्यूल का फंडाफोड़ नहीं होता तो परिणाम घातक हो सकते थे।

## अतीक का बहनोई डॉ. अखलाक तत्काल प्रभाव से सस्पेंड, बमबाज गुड्डू को दी थी पनाह

**मेरठ , एजेंसी।** माफिया अतीक का बहनोई डॉक्टर अखलाक स्वास्थ्य विभाग से सस्पेंड कर दिया गया है। शासन के आदेश पर मंगलवार को ये बड़ी कार्रवाई हुई है। सीएमओ अखिलेश मोहन ने शासन के निर्देश की पुष्टि की है। बता दें कि डॉ अखलाक मेरठ के भावनपुर सीएससी में तैनात था। प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड की साजिश में शामिल होने का भी अखलाक पर आरोप लगा था। डॉक्टर अखलाक की गिरफ्तारी के बाद मेरठ में सीएमओ ने शासन को रिपोर्ट भेजी थी। जिसके बाद शासन की ओर से मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए डॉ.अखलाक को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करने के निर्देश जारी कर दिए।

## भारतीय–अमेरिकी वकील को मैरीलैंड बिजनेस हॉल ऑफ फेम में किया जाएगा शामिल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** एक प्रमुख भारतीय–अमेरिकी उद्योगपति और आव्रजन वकील शीला मूर्ति को उनके नेतृत्व और उद्यम कौशल और साहस के लिए मैरीलैंड बिजनेस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। 'मूर्ति लॉ फर्मइ की संस्थापक और अध्यक्ष मूर्ति को 11 मई को बाल्टीमोर म्यूजियम ऑफ इंडस्ट्री में एनुअल मैरीलैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के इंस्पायर एमडी इवेंट में सम्मानित किया जाएगा।

मूर्ति ने कहा, यह सम्मान बेहद खास है। मैं मैरीलैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और मैरीलैंड चैंबर फाउंडेशन के मिशन में विश्वास करती हूं, ताकि हमारे राज्य और देश में व्यवसायों, व्यक्तियों और परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाले एक मजबूत व्यापारिक माहौल का समर्थन किया जा सके।उन्होंने गैर–लाभकारी मूर्तिनायक फाउंडेशन की सह–स्थापना भी की, जो महिलाओं, बच्चों और अप्रवासियों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन की गई थी। यह सामाजिक रूप से परिवर्तनकारी परियोजनाओं को लागू करने के लिए समर्पित है।मैरीलैंड चैंबर ऑफ कॉमर्स ने अपने बयान में कहा, उनके अविश्वसनीय नेतृत्व, उद्यम कौशल और साहस, सेवा और परोपकार से योगदान और लोगों को अपने सपने हासिल करने में मदद करने के लिए उनके काम के लिए शीला मूर्ति को मैरीलैंड बिजनेस हॉल ऑफ फेम में शामिल करके अति प्रसन्नता है।

## कोरोना की रफ्तार में आई गिरावट, एक दिन में दर्ज किए गए 6,660 नए केस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 6,660 नए केस दर्ज किए गए हैं। इसके साथ ही अब देश में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 63,380 पहुंच गई हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में रिकवरी दर 98.67 फीसदी दर्ज की गई। राहत की बात यह है कि कल के मुकाबले आज नए मामलों में मामूली गिरावट आई है। कल यानि सोमवार (24 अप्रैल, 2023) को 7, 178 नए मामले दर्ज किए गए थे।

स्वास्थ्य मंत्रालय से मिली जानकारी के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 9,213 संक्रमित मरीज ठीक हुए हैं। वहीं, अब तक कुल 4,43,11078 संक्रमित मरीज ठीक हो चुके हैं। इसी के साथ कुल मौतों का आंकड़ा 5,31,369 हो गया है। डेली पॉजिटिविटी दर 6.17 फ ीसदी दर्ज की गई है।

## मीडिया को लोगों को लड़ाना नहीं चाहिए: अशोक गहलोत

**रायपुर, (एजेंसी)।** राजस्थान में सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीच खींचतान लगातार जारी है। हालांकि, अशोक गहलोत ने कहा है कि मीडिया को लोगों को लड़ाना नहीं चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में कांग्रेस का चुनाव अभियान उनकी सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित होगा।

अनुभवी कांग्रेसी नेता ने यह विश्वास भी जताया कि उनकी पार्टी पिछले पांच वर्षों में किए गए कार्यों के आधार पर सत्ता में वापसी करेगी। गहलोत ने कहा कि मीडिया को सच्चाई और तथ्यों पर टिके रहना चाहिए मीडिया को हमें आपस में नहीं लडना चाहिए। उन्हें (मीडियाकर्मियों को) अपना कर्तव्य पूरा करना चाहिए और यह जनहित में है।

गहलोत ने यह भी कहा कि मैं यह नहीं कहता कि 'झूठे आंकड़े पेश करें या हमारी झूठी प्रशंसा करेंइ लेकिन मैं चाहूंगा कि मीडिया सच्चाई के आधार पर चले। गहलोत ने कहा कि मीडिया केंद्र सरकार के दबाव में है, लेकिन उन्हें जनता का हित देखना चाहिए। अपनी सरकार की योजनाओं और आगामी विधानसभा चुनावों के बारे में कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी का अभियान उनके शासन की योजनाओं पर केंद्रित होगा। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि चुनाव में, प्रधान मंत्री (नरेंद्र मोदी), (केंद्रीय गृह मंत्री) अमित शाह बड़े रोड शो में हिस्सा लेंगे, पैसा खर्च करेंगे और चुनाव जीतने के लिए सब कुछ करेंगे। लेकिन हमने फैसला किया है कि हम (राज्य) सरकार के कार्यों के आधार पर आगे बढ़ेंगे।गहलोत की टिप्पणी पायलट के साथ चल रहे विवाद की पृष्ठभूमि में आई है। दिसंबर 2018 में राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से ही दोनों के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर विवाद चल रहा है। हाल ही में, पायलट ने एक दिन का उपवास रखकर गहलोत के खिलाफ एक और मोर्चा खोल दिया।

पायलट ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने वसुंधरा राजे के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल के दौरान के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, जिसका वादा 2018 के विधानसभा चुनावों से पहले किया गया था। गहलोत ने हालांकि पायलट के हमले पर कोई सीधी प्रतिक्रिया नहीं दी।

## लूट की योजना बनाते चार बदमाश हथियारों के साथ गिरफ्तार

**भिंड, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के भिंड जिले की गोरमी थाना पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो कट्टा और चार कारतूस समेत चोरी के दौरान ताला काटने वाला औजार भी जब्त किया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे ने आज बताया कि गोरमी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नरवरिया पेट्रोल पंप में बदमाश लूट की योजना बना रहे हैं। ये आरोपी एक कालेज के पास छिपे हुए हैं। इस पर पुलिस की तीन टीमें घेराबंदी के लिए बनाई गयी। पुलिस ने दबिश दी तभी चार बदमाश हत्थे चढ़ गए।

## आनन्द मोहन की रिहाई उनके निर्दोष होने का प्रमाण : राजीव प्रताप रूडी

**टना, (एजेंसी)** । आनंद मोहन की रिहाई के समाचार पर सांसद रुडी ने हर्ष व्यक्त किया है और कहा है कि सरकार का यह निर्णय यह सिद्ध करता है कि उन्हें जानबूझकर षड्यंत्र का शिकार बनाया गया। एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सांसद रुडी ने कहा कि आनन्द मोहन जी को रिहा करके राज्य सरकार ने उनके निदोष होने का प्रमाण दिया है। अब राज्य सरकार को प्रायश्चित भी करना चाहिए तथा नीतीश कुमार और लालू यादव को माफी भी मांगनी चाहिए। आनन्द मोहन की राजनीतिक यात्रा को पूरी तरह समाप्त करने का हर वो कदम उठाया गया था जिससे उनकी राजनीति को पूरी तरह से समाप्त किया जा सके। परन्तु वर्तमान राज्य सरकार ने अपनी लोकप्रियता क्षवि धूमिल होते देख उनकी रिहाई का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि एक बार फिर से वो सक्रिय राजनीति में आकर जनसेवा करेंगे। रूडी ने कहा कि जिस समय आनन्द मोहन को आजीवन कारावास की सजा हुई थी उस समय श्री लालू प्रसाद यादव बिहार के मुख्यमंत्री थे। उस दौरान एक घटित घटना में आनन्द मोहन को अपराधी मानकर दोषी करार दिया गया था, परन्तु यह भी बात सच है कि आज उन्हें रिहा करके सरकार ने उन्हें दोषमुक्त करार दिया है। उनकी रिहाई ने इस बात को स्थापित कर दिया है कि वे उस घटना में निदोष थे और प्रायोजित षड्यंत्र के शिकार हुए थे। उन्होंने कहा कि भीड़ द्वारा की गई दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी आनन्द मोहन पर डालकर तत्कालीन सरकार के प्रयास से आनन्द मोहन को दोषी ठहराया गया था लेकिन वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उन्हें रिहा करना उनके निदोष होने की बात को ही सिद्ध करता है। विदित हो कि आनन्द मोहन की राजनीतिक यात्रा राजीव प्रताप रुडी के साथ ही शुरू हुई थी। दोनो 1990 में एक साथ विधायक बने थे। बिहार पीपुल्स पार्टी के संस्थापक सदस्य है रुडी। रुडी के साथ ही आनन्द मोहन ने पार्टी का गठन किया था।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रुडी ने विजन बिहार, एजेण्डा 2025 (विभा–2025) के मंच के आयोजकों को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि जिस प्रकार से जाति विशेष के लोगों को राजनीतिक षड्यंत्र का शिकार बनाया जा रहा है।

## पीएम मोदी की मन की बात का 100वां एपिसोड प्रसारित होगा 30 को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'मन की बातइ न सिर्फ लोकप्रियता का रिकार्ड बना रही है, बल्कि यह लोगों में सकारात्मक सोच विकसित करने और उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित भी कर रही है। आइआइएम, रोहतक के अध्ययन में यह बात सामने आई है।अध्ययन के मुताबिक, देश के 100 करोड़ लोग इस रेडियो कार्यक्रम (मन की बात) को सुन चुके हैं और 96 प्रतिशत लोग इससे वाकिफ हैं। इस कार्यक्रम के 99 एपिसोड पूरे हो चुके हैं और 30 अप्रैल को 100वां एपिसोड प्रसारित होगा।23 करोड़ लोग नियमित सुनते हैं 'मन की बातइ प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी और आइआइएम, रोहतक के निदेशक धीरज शर्मा ने अध्ययन के निष्कर्षों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के 'मन की बातइ कार्यक्रम के 23 करोड़ नियमित श्रोता हैं, जबकि 41 करोड़ लोग कभी–कभी इसे सुनते हैं। अध्ययन के मुताबिक, कार्यक्रम की लोकप्रियता की वजह एक निर्णायक और सशक्त नेतृत्व का श्रोताओं के साथ भावनात्मक लगाव स्थापित करना है।

## भारतीय और कोरिया तट रक्षकों के बीच होगी 11वीं उच्च स्तरीय बैठक

**नई दिल्ली , (एजेंसी) ।** भारतीय और कोरियाई तट रक्षकों के बीच एक 11वीं उच्च स्तरीय बैठक होने वाली है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य दोनों देशों के तटों की सुरक्षा के लिए साझा उपायों और विशेषज्ञता का विकास करना हो सकता है। इस बैठक में, तट रक्षकों के बीच संचार को मजबूत करने के लिए तकनीकी उन्नयन, संयुक्त अभ्यास और अनुभवों का विनिमय किया जा सकता है। इसके अलावा, इस बैठक में दोनों देशों के तट रक्षकों के बीच भावनात्मक संबंधों का विकास भी हो सकता है। इस संबंध को मजबूत करने से दोनों देशों के तटों की सुरक्षा में सुधार हो सकता है। इस बैठक के माध्यम से, भारत और कोरिया दोनों देशों के तटों की सुरक्षा को सुधारने के लिए एक दूसरे से सीख सकते हैं। इसके लिए, एक समझौता भी हो सकता है जो दोनों देशों के बीच संयुक्त तट रक्षा अभ्यासों को संभव बनाए रखता है।

दक्षिण कोरिया तट रक्षक के सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की नई दिल्ली में भारतीय तटरक्षक बल के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक होगी। दक्षिण कोरियाई तट रक्षक के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कमिश्नर जनरल किम जोंग वूक करेंगे, जबकि भारतीय तट गार्ड टीम का नेतृत्व भारतीय तटरक्षक बल के कार्यवाहक महानिदेशक एडीजी राकेश पाल करेंगे। दोनों पक्षों द्वारा क्षमता निर्माण और आपसी हित के अन्य मुद्दों सहित आपसी सहयोग को और बढ़ाने के उपायों पर चर्चा करने की उम्मीद है। यह बैठक दो देशों के बीच तटरक्षक क्षेत्र में बढ़ती भूमिका के संकेत के रूप में देखी जा सकती है। दोनों देशों के तटरक्षकों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जैसे कि मानसूनी जलवायु, सागर तटों के संरक्षण और तटरक्षक संबंधी तकनीकी मुद्दों के साथ–साथ अपराधों और आतंकवाद से लडऩा भी होता है। इस बैठक में दोनों देशों के तटरक्षकों के बीच अनुभव और विशेषज्ञता का आपसी अदालत, सहयोग और ज्ञान का आदान–प्रदान होगा। इस बैठक के माध्यम से दोनों देशों के तटरक्षक संगठन एक दूसरे से बेहतर समझ पाएंगे और संबंधित मुद्दों पर आपसी सहयोग बढ़ाएंगे। इससे दोनों देशों के संबंधों में विशेष सामरिक और सामाजिक आधार पर नए मौके भी उत्पन्न

## सीएम रहते खुद उद्धव ने दिया था बारसू में जमीन का सुझाव

### रिफाइनरी परियोजना पर शिंदे के मंत्री का दावा

**मुंबई , एजेंसी।** रत्नागिरी जिले में प्रस्तावित रिफाइनरी परियोजना के लिए मिट्टी का सर्वे किए जाने को लेकर स्थानीय लोग भारी विरोध कर रहे हैं। इसे लेकर विपक्ष के नेता अजित पवार ने मांग करते हुए कहा था कि लोगों के विरोध प्रदर्शन से राज्य सरकार को संवेदनशीलता के साथ निपटना चाहिए। इस बीच, शिवसेना नेता और राज्य के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि रत्नागिरी जिले में प्रस्तावित रिफाइनरी परियोजना के लिए बारसू गांव में जमीन का सुझाव तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने दिया था। उन्होंने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र भी लिखा था।



उदय सामंत ने एक प्रेस कांफ्रेस के दौरान दावा किया कि बीते साल 12 जनवरी को तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने सुझाव दिया था कि राज्य सरकार रिफाइनरी के लिए 1,300 एकड़ जमीन तथा नाट्य (क्षेत्र ) में अन्य 2,144 एकड़ जमीन उपलब्ध करा सकती है । साथ ही पत्र में उन्होंने परियोजना के लिए बारसू गांव की सलाह दी थी। सामंत ने आगे कहा कि पूर्व पीएम उद्धव ठाकरे ने अपने पत्र में यह भी बताया था कि इस जमीन के 90 प्रतिशत हिस्से पर ना तो लोग रहते हैं और ना ही पेड़–पौधे हैं। ऐसे में यहां परियोजना के लिए आसानी होगी, ना तो कोई पेड़ काटने पड़ेंगे और ना ही किसी मकान या रहवासियों को कहीं शिफ्ट करना पड़ेगा।

परियोजना को लेकर किए जा रहे विरोध के बारे में बोलते हुए सामंत ने आगे कहा कि अब इस परियोजना को लेकर अफवाह और गलतफहमियां सिर्फ इसलिए पैदा की जा रही हैं क्योंकि राज्य में निजाम बदल गया है। अब राज्य के सीएम एकनाथ शिंदे हैं सिर्फ यही ठाकरे गुट को अखर रहा है। आरोप लगाते हुए उन्होंने आगे कहा कि परियोजना को लेकर यह गलतफहमी केवल जानबूझकर राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए फैलाई गई है। इस दौरान उन्होंने उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे दोहरे मानकों की राजनीति करते हैं। उदय सामंत का यह बयान अरबों डॉलर की रिफाइनरी परियोजना के लिए मिट्टी सर्वेक्षण कार्य के खिलाफ तटीय जिले में स्थानीय लोगों के विरोध के बीच आया है। इससे पहले, विधानसभा में विपक्ष के नेता अजित पवार ने रत्नागिरी में रिफाइनरी परियोजना के विरोध से संवेदनशील तरीके से निपटने की अपील की थी। राज्य सरकार से मांग करते हुए उन्होंने कहा था कि शिंदे सरकार को बारसू में मिट्टी के सर्वेक्षण कार्य को तब तक रोक देना चाहिए जब तक कि लोगों के विरोधा का कोई समाधान नहीं निकलता। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रतिरोध पर्यावरण संबंधी चिंताओं के कारण है तो विशेषज्ञों की मदद से संदेह दूर किया जाना चाहिए।

पवार ने राज्य सरकार पर लोगों की आवाज को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि उन्होंने लोकतंत्र में सभी को विरोध करने का अधिकार है। प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। सरकार को स्थानीय लोगों की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और संवेदनशीलता दिखाते हुए इस मुद्दे से निपटना चाहिए।

इस बीच, रत्नागिरी में रिफाइनरी साइट पर विरोध प्रदर्शन कर रही 30 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। महिलाओं की गिरफ्तारी का शिवसेना (यूबीटी) ने विरोध किया है। जानकारी के मुताबिक, बारसू गांव में रिफाइनरी के प्रस्तावित स्थल पर सरकारी वाहनों को प्रवेश करने से रोकने के लिए सड़क पर लेटकर प्रदर्शन करने वाली 30 से अधिक महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

स्थानीय लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि बारसू गांव और वहां आस–पास के लोगों को लगता है कि इस रिफाइनरी परियोजना के कारण तटीय कोंकण क्षेत्र की जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इतना ही नहीं इससे उनकी आजीविका पर भी असर पड़ेगा। राज्य में विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) भी प्रदर्शनकारियों के समर्थन में है।

## सूडान में फंसे भारतीयों का पहला बैच जेद्दा के लिए रवाना, जल्द होगी स्वदेश वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंसाग्रस्त सूडान में फंसे भारतीयों का पहला बैच सऊदी अरब के शहर जेद्दाह के लिए रवाना हो गया है। इस बैच में कुल 278 नागरिक हैं। इनको सूडान पोर्ट से आईएनएस सुमेधा के जरिए जेद्दाह लाया जा रहा है। यहां पहुंचने के बाद इनको इंडियन एयर फोर्स के विमान से भारत लाया जाएगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सूडान में फंसे भारतीयों की तस्वीरें ट्वीट की हैं। तस्वीरों में भारतीय नागरिकों को आईएनएस सुमेधा पर सवार हुए देखा जा सकता है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ऑपरेशन कावेरी की निगरानी कर रहे हैं। बता दें कि कल विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ट्वीट कर ऑपरेशन कावेरी की जानकारी दी थी। जेद्दाह में वायुसेना के दो विमान स्टैंडबाय पर हैं। इन्हीं विमानों के जरिए भारतीय नागरिकों की भारत वापसी होगी।

इससे पहले, हिंसाग्रस्त दक्षिण अफ्रीकी देश सूडान के दोनों जनरल 72 घंटे के सीजफायर के लिए सहमत हुए थे।

## कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, मुस्लिम कोटा खत्म करने के फैसले पर नहीं की जाएगी कार्रवाई

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को सर्वोच्च न्यायालय को आश्वासन दिया कि वह नौकरियों और शिक्षा के लिए ओबीसी श्रेणी में 4 प्रतिशत मुस्लिम कोटा खत्म करने के अपने 27 मार्च के फैसले पर का-र्रवाई नहीं करेगी। कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह दिन में जवाब दाखिल करेंगे। न्यायमूर्ति के.एम. जोसेफ और बी.वी. नागरत्ना की पीठ अब मामले की सुनवाई 9 मई को करेगी।

शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि पहले की व्यवस्था सुनवाई की अगली तारीख तक जारी रहेगी, क्योंकि तुषार मेहता ने मामले में स्थगन की मांग की थी। सॉलिसिटर जनरल ने कोर्ट से मामले की सुनवाई किसी और दिन करने की मांग की है। पीठ ने कहा कि सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन के अनुसार कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी और किसी भी विवाद के लिए कोई पूर्वाग्रह नहीं होगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने मामले को स्थगित करने के मेहता के अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि सुनवाई पहले ही चार बार टाली जा चुकी है। दवे ने कहा कि वे फिर से ऐसा करेंगे और याचिकाकर्ता इससे प्रभावित होंगे। मेहता ने कहा कि अदालत द्वारा पारित अंतरिम आदेश पहले से ही याचिकाकर्ताओं के पास है। मेहता ने 18 अप्रैल को कहा था कि कर्नाटक सरकार को अपना हलफनामा दाखिल करने के लिए और समय चाहिए।शीर्ष अदालत ने सुनवाई 25 अप्रैल तक के लिए टाल दी। राज्य सरकार ने 13 अप्रैल को आश्वासन दिया था कि वह अपने 27 मार्च के आदेश के अनुसार न तो शिक्षण संस्थानों में प्रवेश देगी न ही नौकरियों पर नियुक्तियां करेगी।सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक सरकार द्वारा मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत ओबीसी कोटा खत्म करने और उन्हें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) श्रेणी के तहत रखने के तरीके के खिलाफ कुछ कड़ी टिप्पणियां की थीं।

## 16 करोड़ रुपए का इंजेक्शन न मिल पाने से बच्चे ने तोड़ा दम, गांव में पसरा मातम

**जयपुर, एजेंसी।** तनिष्क नाम का दो साल का एक बच्चा, जो स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी नामक एक दुर्लभ बीमारी से पीड़ित था, उसकी बीमारी के इलाज के लिए 16 करोड़ रुपये की लागत वाला इंजेक्शन खरीदने के उसके परिवार के हर प्रयास के बाद मौत हो गई। तनिष्क के पिता शैतान सिंह ने सरकार से अपील की थी कि उसके बच्चे के लिए अपने स्तर पर इंजेक्शन की व्यवस्था की जाए। हालांकि इस संबंध में कुछ नहीं हुआ।तनिष्क की मौत की खबर आते ही नागौर जिले के नदवा गांव में मातम पसर गया।

## 5 दिनों से बेटी के शव के साथ रह रही थी महिला

**कोलकाता, एजेंसी।** एक दिल दहला देने वाली घटना में कोलकाता में एक सत्तर साल की उम्र की महिला घर में करीब पांच दिनों से अपनी बेटी के शव के साथ पड़ी मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। महिला की मृत बेटी की पहचान 32 वर्षीय डोला बसु के रूप में हुई है। उसकी मां दीपाली बसु, जो दक्षिण कोलकाता के रानीकुठी में अपने आवास पर बेटी के शव के साथ रह रही थी, को पुलिस मानसिक और शारीरिक उपचार के लिए कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले गई है।

मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस ने उस आवास को सील कर दिया है, जहां मां–बेटी रहती थीं। स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि मां–बेटी उस घर में 2006 से रह रही थीं और दोनों अपने पड़ोसियों से कम ही बात करती थीं। उन्हें एक विशेष एजेंसी से नियमित रूप से भोजन की डिलीवरी मिलती थी।

स्थानीय लोगों ने पुलिस को बताया कि हालांकि मां नियमित रूप से घर से बाहर निकलती थी, लेकिन वे पिछले पांच दिनों से उसकी बेटी को नहीं देख रहे थे।

## सम्पादकीय

# तैयार नहीं परिवहन निगम

चार धाम यात्रा आयोजन एवं पर्यटन सीजन से पूर्व उत्तराखंड परिवहन निगम की परेशानियां कम होती नजर नहीं आ रही है। निगम के कर्मचारी हड़ताल पर जाने का एलान कर चुके हैं और फिलहाल सरकार को सप्ताह भर का समय उनकी मांग पर कार्रवाई करने के लिए दिया गया है। कर्मचारियों की मांग है कि राष्ट्रीय कृत मार्गों पर निजी बसों को दिए जा रहे परमिट बंद किए जाएं और यदि राज्य सरकार ऐसा नहीं करती है तो फिर हड़ताल पर जाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रहेगा। फिलहाल हड़ताल 27 अप्रैल तक स्थगित है लेकिन क्या सरकार वाकई निजी बसों के परमिट के मुद्दे पर कोई सकारात्मक हल निकाल पाएगी इसकी उम्मीद कम ही है। उधर कर्मचारी पूरी तरह से विरोध के स्वर में है और इन परिस्थितियों में संभावना यही अधिक है की 27 अप्रैल की मध्य रात्रि के बाद आंदोलन सड़क पर नजर आएगा। असल में उत्तराखंड परिवहन निगम कोई बहुत अच्छी स्थिति से गुजर रहा है, ऐसा भी नहीं है। उत्तराखंड में यात्रा शुरू हो चुकी है जबकि आने वाले तीन महीनों में अन्य पर्यटक स्थलों पर भी अच्छी खासी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है पूर्णविराम एक तो परिवहन निगम के पास मांग के अनुरूप रूट के लिए बसें नहीं है उस पर परिवहन निगम में आए दिन नए–नए फरमान बनी बनाई व्यवस्था में बाधा पैदा करते हैं। हालात यह हो चुकी है कि रोडवेज के पास टिकट काटने के लिए कर्मचारी नहीं है और इस कार्य के लिए पीआरडी के जवानों को तैनात किया जा रहा है। पहले चरण में 191 लोगों को नियुक्ति दी जाएगी हालांकि इन कर्मचारियों के लिए मैदान एवं पहाड़ों पर एक निश्चित किलोमीटर पूरे करने का लक्ष्य भी पूरा करना होगा और इसके पश्चात 580 निगम भुगतान करेगा। निगम में ना केवल परिचालक बल्कि चालकों का भी निगम में टोटा बना हुआ है, जबकि बसों की स्थिति भी कोई बहुत खास अच्छी हो ऐसा नहीं कहा जा सकता। पहले से ही दुर्दशा से गुजर रहा उत्तराखंड परिवहन निगम निजी बसों को परमिट जारी करने के बाद किन परिस्थितियों से गुजरेगा इसकी कल्पना की जा सकती है। ऐसे फरमान जारी करने की अपेक्षा यदि रोडवेज बसों का बेड़ा बढ़ाया जाए तथा बसों की स्थिति को सुधारने का प्रयास किया जाए तो इससे ना केवल उत्तराखंड रोडवेज की स्थिति सुधरेगी बल्कि आए दिन होने वाले कर्मचारियों के आंदोलन हमें रहेंगे। हैरानी की बात यह है कि अकेले उत्तराखंड के अंदर ही परिवहन निगम अकेले दम पर अनवरत सेवाएं उपलब्ध कराने की स्थिति में नहीं है। पहाड़ों में परिवहन का पहिया जीएमओयू केजीएमओयू चल रहा है। कई मार्गों पर दो उत्तराखंड रोडवेज की बस चलती ही नहीं जहां उत्तराखंड सेवाएं कार्यरत हैं। होना तो यह चाहिए था कि चार धाम यात्रा रूट पर बसों की संख्या बढ़ाई जाती जिससे रोडवेज को अधिक से अधिक राजस्व मिलता लेकिन उत्तराखंड रोडवेज आज भी पुराने ढर्रे पर ही चल रहा है और उत्तराखंड परिवहन सेवाओं के भरोसे सुगम यात्रा की कल्पना नहीं की जा सकती।

**ध्यान रहे आमतौर पर मुस्लिम वोटों का बंटवारा नहीं होता है। वह वोट उस पार्टी या उम्मीदवार को मिलता है, जो भाजपा को हरा रहा होता है। इसलिए भाजपा को उस वोट की चिंता नहीं करनी है। भाजपा को चिंता हिंदू वोटों में बिखराव की है। हर चुनाव में हिंदू वोट बंटते हैं। पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में बड़ी जीत के बावजूद भाजपा को कुल हिंदू वोटों के 50 फीसदी से कम ही वोट मिले थे। उसे 2014 में 31 फीसदी और 2019 में 37 फीसदी वोट मिले थे। पिछली बार कुल 60 करोड़ वोट पड़े थे, जिसमें से 37 फीसदी यानी 22 करोड़ वोट भाजपा को मिले। अगर कुल वोट में हिंदू वोट 45 से 50 करोड़ था तो इसका मतलब हुआ कि भाजपा को 50 फीसदी से कम हिंदुओं ने वोट दिया। भाजपा का प्रयास 60 से 70 फीसदी हिंदू वोट हासिल करने का है और ऐसा तब हो सकता है कि जब आमने—सामने का मुकाबला बने। तभी विपक्षी एकता बनवाने वाली घटनाओं के बीच कोई रणनीति होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।**

**बहरहाल, पिछले कुछ दिनों से एक के बाद एक ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिनसे विपक्षी पार्टियों में डर पैदा हो रहा है और वे एक दूसरे के नजदीक आने की जरूरत को ज्यादा शिद्दत से महसूस कर रही हैं। जैसे दिल्ली में शराब नीति घोटाले में आम आदमी पार्टी के नंबर दो नेता मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करके जेल में डाला गया और उसके बाद अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया गया। पार्टी के तीसरे सबसे बड़े नेता संजय सिंह का नाम भी ईडी के आरोपपत्र में शामिल किया गया।**

# घटनाएं विपक्षी एकता बनवा रही हैं

अजीत द्विवेदी

वैसे तो राजनीति के बारे में माना जाता है कि वहां सब कुछ योजना के तहत होता है लेकिन कई बार कुछ घटनाएं किसी योजना का हिस्सा नहीं होती हैं। वे घटित होती हैं और उनकी वजह से योजना बन जाती है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों की एकता बनाने की योजना भी वर्तमान में हो रही घटनाओं की वजह से संभव होती दिख रही है। एक के बाद एक ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिनसे विपक्षी एकता बनने की संभावना बढ़ती जा रही है। सवाल है कि राजनीति की डोर हमेशा अपने हाथ में रखने वाले भाजपा के शीर्ष नेताओं को क्या इसका अहसास नहीं हो रहा है कि घटनाएं विपक्षी एकता बनवा रही हैं? क्या उनको यह समझ में नहीं आ रहा है कि विपक्षी पार्टियों पर जितना दबाव बनाया जाएगा, उनके नेताओं को जितना परेशान किया जाएगा, उनकी सरकारों पर जितनी तलवार लटकाई जाएगी और ध्रुवीकरण के एजेंडे पर जितना काम होगा उससे विपक्ष को एकजुट होने का बहाना मिलेगा? यह मानना थोड़ा मुश्किल है। तभी कहीं ऐसा तो नहीं है कि जान बूझकर विपक्ष को ऐसे मौके मुहैया कराए जा रहे हैं वे एकजुट हों ताकि मोदी बनाम अन्य का मुकाबला बने?

प्रधानमंत्री खुद यह बात कह चुके हैं कि वे अकेले सब पर भारी हैं। यह बात उन्होंने संसद के पिछले सत्र में राज्यसभा में कही थी। यह सिर्फ राज्यसभा में दिया गया एक बयान भर नहीं है, बल्कि यह भाजपा की रणनीति का हिस्सा हो सकता है। भाजपा विपक्ष के सारे नेताओं की साझा ताकत के ऊपर नरेंद्र मोदी को भारी दिखाती रही है। इसके अलावा योजनाबद्ध तरीके से भाजपा ने समूचे विपक्ष को भ्रष्ट, देश विरोधी और हिंदू विरोधी ठहराया हुआ है। प्रधानमंत्री ने यह बात भी संसद में कही है कि उनको लग रहा था कि चुनावी राजनीति सभी पार्टियों को एकजुट करेगी लेकिन ईडी ने सभी पार्टियों को एक कर दिया है। भाजपा भी कह रही है कि सभी भ्रष्ट एक मंच पर आ गए हैं। सभी गैर भाजपा दलों पर पहले से मुस्लिमपरस्ती का आरोप लगता रहा है। इसलिए संभव है कि एक रणनीति के तहत ऐसे काम किए जा रहे हों, जिनसे विपक्षी पार्टियां एकजुट हों और भाजपा को चुनौती दें। संभव है कि ऐसी स्थिति में भाजपा हिंदू वोटों के ज्यादा ध्रुवीकरण की संभावना देख रही हो।

ध्यान रहे आमतौर पर मुस्लिम वोटों का बंटवारा नहीं होता है। वह वोट उस पार्टी या उम्मीदवार को मिलता है, जो भाजपा को हरा रहा होता है। इसलिए भाजपा को उस वोट की चिंता नहीं करनी है। भाजपा को चिंता हिंदू वोटों में बिखराव की है। हर चुनाव में हिंदू वोट बंटते हैं। पिछले दोनों लोकसभा चुनावों में बड़ी जीत के बावजूद भाजपा को कुल हिंदू वोटों के 50 फीसदी से कम ही वोट मिले थे। उसे 2014 में 31 फीसदी और 2019 में 37 फीसदी वोट मिले थे। पिछली बार कुल 60 करोड़ वोट पड़े थे, जिसमें से 37 फीसदी यानी 22 करोड़ वोट भाजपा को मिले। अगर कुल वोट में हिंदू वोट 45 से 50 करोड़ था तो इसका मतलब हुआ कि भाजपा को 50 फीसदी से कम हिंदुओं ने वोट दिया। भाजपा का प्रयास 60 से 70 फीसदी हिंदू वोट हासिल करने का है और ऐसा तब हो सकता है कि जब आमने–सामने का मुकाबला बने। तभी विपक्षी एकता बनवाने वाली घटनाओं के बीच कोई रणनीति होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

बहरहाल, पिछले कुछ दिनों से एक के बाद एक ऐसी घटनाएं हो रही हैं, जिनसे विपक्षी पार्टियों में डर पैदा हो रहा है और वे एक दूसरे के नजदीक आने की जरूरत को ज्यादा शिद्दत से महसूस कर रही हैं। जैसे दिल्ली में शराब नीति घोटाले में आम आदमी पार्टी के नंबर दो नेता मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करके जेल में डाला गया और उसके बाद अरविंद केजरीवाल को सीबीआई द्वारा समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया गया। पार्टी के तीसरे सबसे बड़े नेता संजय सिंह का नाम भी ईडी के आरोपपत्र में शामिल किया गया। कट्टर ईमानदार पार्टी होने का दावा करने वाली आम आदमी पार्टी के नेताओं पर भ्रष्टाचार के मुकदमे दर्ज हो रहे हैं तो उनको भी इस बात की जरूरत महसूस है रही है कि उन्हें बड़े गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए। संसद की कार्यवाही के दौरान यह देखने को मिला भी है। पिछले दिनों नीतीश कुमार दिल्ली के दौरे पर आए तो केजरीवाल और संजय सिंह ने जो सद्भाव दिखाया और दो टूक अंदाज में उनके साथ जाने का




ऐलान किया उससे भी आम आदमी पार्टी के रुख में आ रहे बदलाव का संकेत मिल रहा है।

नीतीश कुमार का भी भाजपा के खिलाफ सक्रिय होना अनायास नहीं है। अमित शाह पिछले दिनों बिहार के दौरे पर गए तो उन्होंने नवादा की एक जनसभा में कहा कि बिहार के लोग 40 सीटें देकर 2024 में भाजपा को जिताएं तो राज्य की महागठबंधन सरकार गिर जाएगी। ध्यान रहे बिहार में 2025 के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद सरकार गिर जाने की बात कह रहे हैं। जाहिर है यह स्पष्ट चेतावनी है। इसके अलावा सरकार की सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी राजद के नेता लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और तीन बेटियों से सीबीआई और ईडी की पूछताछ चल रही है। उनके सारे करीबियों के ऊपर छापे मारे जा रहे हैं। एक तरफ सरकार पर संकट और दूसरी ओर लालू परिवार की परेशानियां, इन दोनों ने मिल कर एकजुटता की संभावना को मजबूत किया है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव अब तक अपने दम पर लडने़ की बात कर रहे थे। लेकिन अतीक अहमद के बेटे असद के एनकाउंटर और उसके बाद पुलिस के सुरक्षा घेरे में अतीक व अशरफ अहमद की गोली मार कर हुई हत्या ने उनकी आंखों पर से भी परदा हटाया है। ये घटनाएं मामूली नहीं हैं। यह ध्रुवीकरण का सबसे ठोस और बड़ा कारण हो सकता है। माफिया को मिट्टी में मिला देने का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संकल्प व्यापक हिंदू समाज को एकजुट करने का बड़ा प्रयास है। ध्यान रहे उत्तर प्रदेश में प्रचार के जरिए यह धारणा बनाई गई है कि 'माफिया का मतलब मुस्लिमइ होता है और उसको मिट्टी में मिलाने का मतलब है व्यापक हिंदू समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करना।

इसी तरह अमित शाह ने पश्चिम बंगाल की सरकार 2026 से पहले गिर जाने की बात कही है, जिससे ममता बनर्जी भड़की हैं। उन्होंने इस बात पर अमित शाह का इस्तीफा मांगा है। असल में शाह ने पिछले दिनों बीरभूम की एक सभा में लोगों से कहा कि वे 2024 में लोकसभा की 35 सीटें भाजपा को जिताएं और 2025 में राज्य सरकार गिर जाएगी। इस चिंता के साथ साथ भतीज अभिषेक बनर्जी को केंद्रीय एजेंसियों की ओर से भेजे जा रहे समन से वे अलग परेशान हैं। जिस मामले में केजरीवाल की पार्टी फंसी है उसी मामले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता का भी नाम है और उनसे भी पूछताछ हो रही है। शिव सेना का टूटना महाराष्ट्र की राजनीति की एक बड़ी घटना है, जिसने उद्धव ठाकरे, शरद पवार और कांग्रेस के गठबंधन को मजबूती दी है। इस तरह की घटनाएं विपक्षी पार्टियों को नजदीक ला रही हैं और साझा मोर्चा की स्थिति बन रही है। हालांकि इससे जमीनी राजनीति के- प्रभावित होने का का आकलन अभी नहीं किया जा सकता है।

# होम डिलीवरी का संकट




**हाल के सालों में भारत में ऑनलाइन डिलीवरी का बाजार बहुत तेजी से बढ़ा है। आने वाले सालों में इसके और विशाल होने का अनुमान लगाया गया है। रेडसीअर कंपनी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 तक भारत का हाइपर—लोकल डिलीवरी बाजार 50—60 फीसदी बढ़कर 15 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। लेकिन ऐसी डिलीवरी की अपनी लागत है। आरंभ में कारोबार फैलाने के लिए कंपनियों ने डिलीवरी ब्वॉयज को काफी इन्सेंटिव दी।**

कोविड लॉकडाउन के दौरान भारत में होम डिलीवरी का बाजार बहुत तेजी से बढ़ा था। लेकिन कोविड के बाद बदले हालात और दुनियाभर में छाए वित्तीय संकट ने इस कारोबार को भी संकटग्रस्त बना दिया है।

भारत में कोरोना काल के बाद से कई बड़ी कंपनियों ने दस–दस मिनट में घर के सामान और खाने की डिलीवरी वाली सेवाएं शुरू की। इनमें जोमैटो जैसी स्थापित कंपनी से लेकर जेप्टो और ब्लिंकिट जैसे स्टार्टअप तक शामिल थे। लेकिन किसी भी कंपनी को वैसी सफलता नहीं मिली, जिसकी उम्मीद की जा रही थी। हाल में ब्लिंकिट ने अपने डिलिवरी ब्वॉयज के लिए डिलीवरी चार्ज 25 से घटाकर 15 रुपये की, तो उसको लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। इसके पहले जनवरी में जोमैटो ने अपनी 10 मिनट की डिलीवरी सर्विस जोमैटो इंस्टेंट को बंद कर दिया। इसका कारण रहा कि कंपनी को इस बाजार में ना तो विस्तार नजर आ रहा था, ना मुनाफा। हालांकि कंपनी ने कहा कि वह अपनी रिब्रैंडिंग कर रही है, लेकिन मीडिया से बातचीत में कंपनी के अधिकारियों ने स्वीकार किया कि कंपनी को इतना काम भी नहीं मिल पा रहा था कि रोज का खर्च निकल सके। कुछ जानकारों के मुताबिक ये कंपनियां भी दस मिनट में डिलीवरी के वादे पूरे नहीं कर पा रही थीं। जिन लोगों ने इन सेवाओं को आजमाया, उन्हें बहुत ही खराब नतीजे मिले।

हाल के सालों में भारत में ऑनलाइन डिलीवरी का बाजार बहुत तेजी से बढ़ा है। आने वाले सालों में इसके और विशाल होने का अनुमान लगाया गया है। रेडसीअर कंपनी की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 तक भारत का हाइपर–लोकल डिलीवरी बाजार 50–60 फीसदी बढ़कर 15 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। लेकिन ऐसी डिलीवरी की अपनी लागत है। आरंभ में कारोबार फैलाने के लिए कंपनियों ने डिलीवरी ब्वॉयज को काफी इन्सेंटिव दी। लेकिन बाद में मुनाफा बढ़ाने की कोशिश में उन पर ही मार पडने़ लगी। वजह यह है कि ऑनलाइन डिलीवरी का खर्च उठाने की स्थिति में ज्यादातर भारतीय उपभोक्ता नहीं हैं। या कम से कम ऐसा करने की उनकी दिमागी तैयारी नहीं है। इसलिए ये कारोबार आज कई सवालों से घिर गया है। कोविड लॉकडाउन के दौरान भारत में होम डिलीवरी का बाजार बढ़ा था। लेकिन कोविड के बाद बदले हालात और दुनियाभर में छाए वित्तीय संकट ने इस कारोबार को भी संकटग्रस्त बना दिया है।

# मन की बात : भारत के पारम्परिक हथकरघा की आवाज़

**मनोज कुमार**

स्वतंत्रता से पूर्व भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का अभिमान– 'खादी। स्वतंत्रता के पश्चात स्वदेशी की शान– 'खादी। वर्तमान में 'आत्मनिर्भर भारतइ की पहचान– 'खादी।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकलइ के मंत्र ने खादी को 'लोकल टू ग्लोबलइ कर दिया है। अब खादी सिर्फ फैशन का प्रतीक ही नहीं, बल्कि गरीबों की जिंदगी में बदलाव का सबसे सशक्त माध्यम बन चुका है। भारत की राष्ट्रीय धरोहर 'खादीइ को स्वतंत्रता से पूर्व पूज्य बापू ने जहां अहिंसक आंदोलन का सबसे सशक्त माध्यम बनाया; उसी खादी को नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'आत्मनिर्भर भारतइ की नींव का सबसे शक्तिशाली स्तंभ बना दिया। प्रधानमंत्री के 'मन की बातइ कार्यक्रम ने खादी को आत्मनिर्भर बनाने में सबसे अहम योगदान दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप 2021–2022 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का कुल कारोबार रुपए 1.15 लाख करोड़ को पार कर गया, जो अपने आप में ऐतिहासिक है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बातइ में कहा था, जब हम खादी का कोई उत्पाद खरीदते हैं तो हम उन लाखों बुनकरों के जीवन को प्रकाशमय बनाते हैं जो दिन रात मेहनत करते हैं। यह प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वर्तमान सरकार की ग्रामीण भारत के प्रति वचनबद्धता को दर्शाता है। यह उसी का प्रभाव है कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खादी के उत्पादों की स्वीकार्यता हाल के वर्षों में बढ़ी है तथा इसका लाभ जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले खादी कामगारों को मिला है। 1 अप्रैल, 2023 से खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने खादी कारीगरों के पारिश्रमिक में 33 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की है। वर्ष 2014 के बाद से अब तक पारिश्रमिक में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हो चुकी है।

स्वतंत्रता पश्चात खादी और ग्रामोद्योगी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वर्ष 1956 में खादी और ग्रामोद्योग आयोग की स्थापना की गई। आयोग सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अधीन भारत सरकार की महत्वपूर्ण रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों को कार्यान्वित कर रहा है। 3 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीद्वारा अपने रेडियो प्रसारण कार्यक्रम 'मन की बातइ के माध्यम से देश के नागरिकों को खादी खरीदने के लिए की गई अपील ने, खादी



**कोरोना महामारी के जिस दौर में दुनियाभर के उद्योगों में रिकॉर्ड गिरावट और बेरोजगारी में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई, उस कठिन दौर में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के माध्यम से नए स्टार्टअप्स को रोजगार देने का कीर्तिमान बनाया। आपदा को अवसर के रूप में लेते हुए 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष, जो देशव्यापी लॉकडाउन से काफी हद तक प्रभावित था।**

क्षेत्र को पुनर्जीवित कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा था कि यदि आप खादी का कोई भी उत्पाद खरीदते हैं, तो आप एक गरीब व्यक्ति के घर में समृद्धि का दीपक जलाते हैं। जिसके परिणाम स्वरूप, एक सप्ताह के भीतर खादी की बिक्री में 125त्न की वृद्धि दर्ज की गई।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने खादी वस्त्रों में नवाचार लाकर खादी को न केवल भारत में, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैशन का एक विकल्प बना दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा 'खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन और खादी फॉर ट्रांसफॉर्मेशन' का मंत्र परिवर्तन का बड़ा माध्यम बना है। इसी तरह से ग्रामोद्योग उत्पादों के प्रोत्साहन के लिए हनी मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 2017–18 से अब तक, 18 हजार से अधिक लाभार्थियों को 1.80 लाख मधुमक्खी–बॉक्स और मधुमक्खी कालोनी एवं कुम्हार सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत कुम्हारों को 25 हजार से अधिक विद्युत चालित कुम्हारी चाक, चर्मोद्योग के अंतर्गत लगभग 3,100 कारीगरों को कौशल विकास में प्रशिक्षण तथा 1600 से अधिक को फुटवियर निर्माण के लिए उन्नत टूल्स किट प्रदान किए गए। इसी तरह से अगरबत्ती कारीगरों को प्रशिक्षण के उपरांत 1080 पैडल चालित मशीनों का भी वितरण किया गया। इसके साथ ही कृषि आधारित एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, टर्नवुड क्रॉफ्ट, खादी प्राकृतिक पेंट, प्रोजेक्ट री–हब, खादी फैब्रिक फुटवियर और हैंडमेड पेपर निर्माण योजना से ग्रामीण उद्योगों को नई पहचान मिली।

कोरोना महामारी के जिस दौर में दुनियाभर के उद्योगों में रिकॉर्ड गिरावट और बेरोजगारी में अत्यधिक वृद्धि दर्ज की गई, उस कठिन दौर में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के माध्यम से नए स्टार्टअप्स को रोजगार देने का कीर्तिमान बनाया। आपदा को अवसर के रूप में लेते हुए 31 मार्च 2021 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष, जो देशव्यापी लॉकडाउन से काफी हद तक प्रभावित था, के दौरान आयोग ने 2188.78 करोड़ रुपये संवितरित कर 5,95,320 रोजग़ारों का सृजन किया, जो वर्ष 2008 में योजना लॉन्च होने के बाद अब तक का उच्चतम स्तर था। 'आत्मनिर्भर भारतइ अभियान में एक लंबी छलांग लगाते हुए खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने 2008 से विगत वित्तीय वर्ष 2021–22 में, पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत रुपए 19148.01 करोड़ रुपए मार्जिन मनी का संवितरण कर 64,30,618 लोगों को रोजगार प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री द्वारा 'मन की बातइ कार्यक्रम में खादी को प्रोत्साहन देने से सामान्य दिनों में तो खादी की बिक्री बढ़ी ही है पिछले वित्त वर्ष में 2 अक्टूबर, 2022 को, नई दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित 'खादी इण्डियाइ शोरूम ने लगभग 1 करोड़ 34 लाख रुपये के खादी–ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री की, जो किसी एक दिन में अब तक की सबसे बड़ी बिक्री है। स्वतन्त्रता के 75वें वर्ष पर भारत सरकार के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के दौरान खादी से बने राष्ट्र ध्वज की मांग में 75 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से, खादी विशेष रूप से युवाओं के बीच लोकप्रिय ब्रॉंड बन चुका है। यह देश के बड़े फैशन डिजाइनरों की प्रमुख पसंद है। वित्त वर्ष 2014–15 से 2021–22 में जहां खादी के उत्पादन में 191 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहीं बिक्री में 332 प्रतिशत का उछाल आया। जब कि इसी समयावधि में ग्रामोद्योग क्षेत्र के उत्पादन में 206 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि बिक्री 245 प्रतिशत बढ़ गई। कोविड महामारी के दूसरे लॉकडाउन के दौरान खादी और ग्रामोद्योग आयोग को 45 करोड़ रुपये की सरकारी खरीद का आदेश, खादी कारीगरों के लिए बड़ा प्रोत्साहन रहा।

खादी के वस्त्र हों, हस्तशिल्प के उत्पाद या ग्रामोद्योग में बने खाद्य पदार्थ, इन वस्तुओं ने एक राष्ट्र के रूप में भारतवर्ष को अंतर्राष्ट्रीय पहचान देने के साथ ही आत्मनिर्भर भी बनाया है। यह उत्पाद न केवल विश्व स्तरीय हैं बल्कि प्रकृति के करीब भी। जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे वर्तमान विश्व के लिए, हमारे गांवों से आने वाले ये उत्पाद आदर्श साबित हो सकते हैं, जो आत्मनिर्भर भारत की पहचान हैं।

प्रधानमंत्री का 'मन की बात' रेडियो कार्यक्रम 30 अप्रैल, 2023 को अपने सौ एपिसोड पूरे करने जा रहा है। मैं आशा करता हूँ कि जिस तरह हमने खादी को अपनाया है, उसी तरह हम पहले से और भी

# ऐसे कैसे बनेगी विपक्षी एकता ?

दिल्ली में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुटता बनाने के प्रयास में लगी हैं और उधर कर्नाटक में सब एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। तभी सवाल है कि आपस में लड़ कर विपक्षी पार्टियां किस तरह की एकता बनवाएंगी? कर्नाटक में शरद पवार की पार्टी एनसीपी 45 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। एनसीपी नेताओं का कहना है कि उनका राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा छीन गया है इसलिए वे विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं ताकि वोट हासिल करके राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा वापस लिया जाए। सोचें, उनके लिए कर्नाटक में भाजपा को रोकने की बजाय अपना राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा ज्यादा जरूरी लग रही है। इसी तरह आम आदमी पार्टी राज्य में 168 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। पार्टी के सारे नेता पूरी ताकत लगा रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि चित्तपुर की सुरक्षित सीट पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े के बेटे प्रियांक खडग़े के खिलाफ भी आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवार दिया है। सोचें, दिल्ली में और संसद में खडग़े के साथ आम आदमी पार्टी का पूरा सद्भाव दिखता है। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने पूछताछ के लिए बुलाया तो खडग़े उनको सबसे पहले फोन करने वाले नेताओं में से थे। अगर उनके बेटे के खिलाफ आम आदमी पार्टी का उम्मीदवार नहीं होता तो इससे एक सकारात्मक मैसेज बन सकता था। लेकिन उनके बेटे के खिलाफ आप ने जगदीश सागर को उम्मीदवार बनाया है। गौरतलब है कि पिछले चुनाव में इस सीट पर प्रियंका खडग़े महज चार हजार वोट से जीते थे। इस बार आप का उम्मीदवार अगर थोड़े से भी वोट काट लेता है तो प्रियांक के लिए मुश्किल हो सकती है।

# एसीआर लिखने की जो परिपाटी पूर्व में रही है उसे लागू होना चाहिए : महाराज

### इस मामले में सभी मंत्री अपनी सहमति व्यक्त कर चुके हैं



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : प्रदेश में मंत्रियों की ओर से अपने अधीनस्थ विभागीय सचिवों की एसीआर वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट लिखने के मामले में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि राज्य की अधिकांश जनता चाहती है कि अन्य राज्यों की भांति यहां भी मंत्रियों को अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट पर अपना मंतव्य अंकित करने का अधिकार मिले, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता के साथ-साथ सही प्रकार से विभागों की समीक्षा की जा सके।कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को जारी अपने एक बयान में कहा कि जब अन्य राज्यों में मंत्रियों को अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट पर अपना मंतव्य अंकित करने का अधिकार है और उत्तराखंड में भी पूर्ववर्ती एनडी तिवारी सरकार में मंत्रियों को अधिकारियों की एसीआर लिखने का अधिकार था तो इस परिपाटी को पुनः लागू करने में किसी को क्या परेशानी हो सकती है। श्री महाराज ने कहा कि हमने पंचायती राज विभाग में ब्लाक प्रमुख को खंड विकास अधिकारी की और जिला पंचायत अध्यक्ष को सीडीओ की एसीआर लिखने के पूर्व में हुए शासनादेश को भी पुनः लागू किया, ताकि पंचायतों में होने वाले विकास कार्य में भ्रष्टाचार पर अंकुश लगने के साथ-साथ गुणवत्ता युक्त कार्य किए जा सकें। इसलिए मेरा कहना है कि जो परिपाटी पूर्व में रही है उसे लागू करने में संकोच नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह तो निर्विवाद है कि मंत्री विभाग का मुखिया होता है इसलिए उसका मंतव्य अंकित होना आवश्यक है। अगर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव का मंतव्य अंकित हो रहा है तो मंत्री का भी अंकित होना चाहिए। यह सही है कि इस व्यवस्था में मुख्यमंत्री एक्सेप्टिंग अथॉरिटी हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि मंत्री अपना मंतव्य अंकित नहीं कर सकता। श्री महाराज ने उदाहरण देते हुए कहा कि जब कोई मुकदमा चलता है तो लोअर कोर्ट, सेशन कोर्ट और हाई कोर्ट इन सब का मंतव्य उसमें आता है बाद में सुप्रीम कोर्ट चाहे जो भी निर्णय ले। इसलिए मेरा कहना है की व्यवस्था की जो एक कड़ी बनी है वह टूटनी नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि हाल ही में कैबिनेट बैठक के बाद हुई बैठक में जब सभी मंत्री इस पर अपनी सहमति व्यक्त कर चुके हैं तो इस व्यवस्था को लागू करने में कोई गुरेज नहीं होना चाहिए। यह कोई नई बात नहीं कही जा रही है। यह तो व्यवस्था का एक हिस्सा है। एसीआर लिखने का यह आशय बिल्कुल नहीं है कि मंत्री अपने अधीनस्थ अधिकारी के विरुद्ध ही कुछ लिखेगा, जो अधिकारी अच्छा काम करेंगे उनके चरित्र प्रविष्टि पर अच्छा ही अंकित किया जाएगा। इसलिए जब सचिव अपने से नीचे के अधिकारियों की एसीआर लिख सकता है तो विभागीय मंत्री उस विभाग का मुखिया होने के नाते अपने नीचे काम कर रहे सचिव की एसीआर क्यों नहीं लिख सकता? अन्य प्रदेशों में मंत्रियों को अपना मंतव्य अंकित करने का अधिकार है। यहां अधिकारियों की एसीआर लिखने के मामले में इसकी व्यावहारिकता की बात करने वालों को इस बारे में मनन करना चाहिए कि हमारे यहां यह व्यवस्था न होने से हम हास्य का पात्र बने हैं।

## मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व.हेमवती नन्दन बहुगुणा की जयन्ती पर किया भावपूर्ण स्मरण



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को अल्मोडा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा की 104वीं जयंती के अवसर पर जनसेवा आधारित बहुद्देशीय शिविर एवं कृषक महोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 256.75 करोड की विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। जिसमें 217.75 करोड की योजनाओं का शिलान्यास तथा 39 करोड की योजनाओं का लोकार्पण सामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा का स्वतंत्रता संग्राम से लेकर आजादी के बाद देश को और विशेष रूप से अविभाजित उत्तर प्रदेश को आगे बढ़ाने में उनका अमूल्य योगदान रहा। उन्होंने अपनी विलक्षण बौद्धिक प्रतिभा के बल पर भारतीय राजनीति में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनायी।

# नई टिहरी में नव नियुक्त अध्यक्ष पंवार का किया स्वागत

नई टिहरी : नव नियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार का नई टिहरी में कांग्रेसियों ने भव्य स्वागत किया। शहर अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करने पर कुलदीप पंवार को बधाईयों देते हुए कांग्रेसियों ने बुके भेंट किए।

इस मौके पर कांग्रेस ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत डायजर से बौराड़ी तक मुख्य मार्गों से होते हुए बाईक रैली निकालकर भाजपा पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कुलदीप पंवार के नई टिहरी के शहर कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद मंगलवार को उन्होंने कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान नई टिहरी पहुंचने पर कुलदीप पंवार का कांग्रेसियों ने ढाल–नगाड़ों व फूलमालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें बधाइयां दी। इस मौके पर भारी संख्या में मौजूद कांग्रेसियों ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत डायजर से लेकर बौराड़ी तक बाइक रैली का आयोजन कर भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया। इस मौके पर प्रतापनगर के विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि भाजपा देश में नफरत की राजनीति कर रही है। प्रभावी नेताओं को सीबीआई व ईडी के प्रभाव से जेल में डालने का काम कर रही है। नव नियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप पंवार ने कहा कि भाजपा की प्रदेश व केंद्र सरकार उद्योगपतियों की सरकार है। गरीबों को इनके शासनकाल में दो वक्त की रोटी के जुझना पड़ रहा है। राशन से लेकर रसोई गैस खरीद पाने में आम आदमी परेशान हो रहा है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश राणा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साहब सिंह सजवान, सूरज सिंह राणा, नरेंद्र चंद रमोला, सौबन सिंह नेगी, प्रदेश महामंत्री विजय गुनसोला, प्रदेश सचिव सैयद मुशर्रफ अली, पीयूष उनियाल, हरि सिंह मखलोगा, सुरेंद्र सिंह नेगी, नरेंद्र सिंह नेगी, मंद्रवाल, मुरारी लाल खंडवाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### लोगों को ठहरने के लिए नहीं मिल रही पर्याप्त जगह

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ में लगातार मौसम खराब होने की वजह से ठहरने की बेहतर व्यवस्थाएं नहीं हो पाई है। हालांकि प्रशासन लगातार इंतजाम करने में जुटा है किंतु लगातार हो रही बर्फबारी से तैयारियों में मुश्किलें हो रही है।

पहले दिन ही कई लोगों को ठहरने की पर्याप्त जगह नहीं मिल सकी। केदारनाथ में पहले दिन बड़ी संख्या में तीर्थयात्री एवं स्थानीय लोग पहुंच गए। बर्फबारी के बीच लोगों को सबसे बड़ी परेशानी रात्रि ठहरने की हुई। हालांकि प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में केदारनाथ धाम में 5 हजार लोगों के रहने की व्यवस्था है। जबकि यहां इससे भी ज्यादा तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं।

## भूस्खलन जॉन के आसपास मलवे का त्वरित निस्तारण करें : डीएम



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : श्री बदरीनाथ धाम की यात्रा को स्वच्छ, सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक प्रमेंन्द्र डोबाल ने मंगलवार को चमोली से जनपद की प्रवेश सीमा कमेडा तक यात्रा मार्ग पर विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया ।जिलाधिकारी ने एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन पुल, ब्रेस्टवॉल एवं डीबीएम कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए सड़क कटिंग मलवे का उचित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बाजपुर एवं पंचपुलिया के पास अतिरिक्त मजदूर लगाते हुए पुल निर्माण एवं सड़क सुधारीकरण कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। भूस्खलन जॉन के आसपास मलवे का त्वरित निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने कालेश्वर में स्लोप प्रोटेक्शन के लिए निर्माणाधीन ब्रेस्टवॉल, कर्णप्रयाग में कपीरी स्टैंड के निकट संकरे सड़क मार्ग को चौड़ीकरण तथा ड्रनेज सिस्टम एवं गढ्ढों को दुरूस्त के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर पर संचालित सभी सार्वजनिक शौचालयों में बिजली, पानी सहित नियमित साफ-सफाई रखते हुए स्वच्छ रखा जाए। पेट्रोल पम्पों पर स्थित शौचालयों में भी नियमित सफाई रखी जाए। जल संस्थान को यात्रा मार्ग पर स्थापित वाटर एटीएम एवं सभी स्टैंड पोस्टों पर पेयजल की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। जनपद की प्रवेश सीमा पर यात्रियों के पंजीकरण एवं अन्य यात्री सुविधाओं की भी समुचित व्यवस्थाएं रखी जाए। ताकि श्रद्वालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। यात्रा मार्ग निरीक्षण के दौरान संयुक्त मजिस्ट्रेट डा. दीपक सैनी, एसडीएम कमलेश मेहता, एनएचआईडीसीएल के सहायक अभियंता अंकित कुमार सहित नगर पालिका, नगर पंचायत, जल संस्थान, पुलिस आदि विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### प्रत्येक बूथ, शक्ति केंद्र पर होगा पीएम की मन की बात कार्यक्रम

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 अप्रैल को होने वाला मन की बात कार्यक्रम देहरादून में प्रत्येक बूथ और शक्ति केंद्र पर दिखाया जाएगा। इसके लिए सभी मोर्चों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। देहरादून में महानगर कार्यालय में मंगलवार को इसको लेकर आयोजित बैठक का पार्टी के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हम उस देश के नागरिक हैं जिसके प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम को पूरा विश्व देखता है। इस बार यह कार्यक्रम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होगा। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के लिए प्रत्येक बूथों पर प्रभात फेरी का आयोजन और स्कूल, कॉलेजों, सरकारी संस्थाओं, मंन्दिर, गुरुद्वाराओं, सामाजिक संस्थाओं, हाऊसिंग सोसायटी, कालोनीयों में सम्पर्क किया जाए। उन्होंने कहा कि यह पार्टी और संगठन की नैतिक जिम्मेदारी है कि मन की बात का कार्यक्रम महानगर में प्रत्येक बूथ, शक्ति केंद्र पर आयोजित किया जाए। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री विजेंद्र थपलियाल ने किया। मौके पर राजपुर विधानसभा के प्रभारी उमा नरेश तिवारी, धर्मपुर विधानसभा प्रभारी संदीप मुखर्जी, रायपुर विधानसभा प्रभारी विमल उनियाल, कैंट विधानसभा प्रभारी गोविंद मोहन, मोहित शर्मा, आशीष शर्मा, विपिन खंडूड़ी, सूरज चन्द आदि मौजूद थे।

### बरिंदर गोयल आप के प्रदेश प्रभारी, मेहरोलिया सहप्रभारी

देहरादून। आम आदमी पार्टी के पंजाब से विधायक बरिंदर गोयल उत्तराखंड के नए प्रदेश प्रभारी होंगे। गोयल पूर्व प्रभारी विधायक दिनेश मोहनिया की जगह लेंगे। जबकि दिल्ली से विधायक रोहित मेहरोलिया सहप्रभारी बनाए गए हैं। आपके राष्ट्रीय महासचिव–संगठन डॉ. संदीप पाठक ने मंगलवार को दोनों की नियुक्ति की घोषणा की। गोयल पंजाब के संगरूर जिले की लहर सीट से विधायक हैं। जबकि मेहरोलिया दिल्ली की त्रिलोकपुरी सीट से विधायक हैं।

## विभिन्न योजनाओं के संचालन हेतु संचालन समिति की 9वीं बैठक संपन्न



देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में हंस फाउंडेशन के सहयोग से उत्तर-खण्ड में चल रही विभिन्न योजनाओं के संचालन हेतु संचालन समिति की 9वीं बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर हंस फाउंडेशन की ओर से प्रदेश में किए जा रहे विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई।

मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग से प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को दृष्टि से ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित कर हंस फाउंडेशन के सहयोग से मेडिकल मोबाइल यूनिट संचालित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जंगलों को आग से बचाने के लिए पिरूल का निस्तारण आवश्यक है। उन्होंने स्कूलों में मिड–डे मील के लिए रसोई गैस के विकल्प के रूप में पिरूल का उपयोग में हंस फाउंडेशन से सहयोग के अपेक्षा की। कहा कि इस रोजगार से जुड़े लोगों को एक बाजार भी मिलेगा। साथ ही, जंगलों को आग से बचाया जा सकेगा।मुख्य सचिव ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बीआरसी और सीआरसी के साथ ही कौशल विकास के क्षेत्र में क्षमता निर्माण में हंस फाउंडेशन सहयोग कर सकता है। साथ ही आजीविका के क्षेत्र में हंस फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान कर सकता है। उन्होंने प्रदेश के विकास में राज्य सरकार की ओर से हंस फाउंडेशन को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

### कार में तीन हजार का पेट्रोल भराकर चालक फरार

देहरादून। कार में तीन हजार रुपये का पेट्रोल भराने के बाद उसका चालक भुगतान दिए बिना फरार हो गया। उसे पकड़ने की कोशिश की गई, वह तेजी में गायब हो गया। घटना प्रेमनगर क्षेत्र के केहरी गांव स्थित पेट्रोल पंप की है। प्रेमनगर थानाध्यक्ष पीडी भट्ट ने बताया कि पेट्रोल पंप संचालक सचिन गुप्ता निवासी स्पेशल विंग, प्रेमनगर ने तहरीर दी। उन्होंने कहा कि बीते 21 अप्रैल की रात करीब दो बजे एक सफेद रंग की कार आई। उसके चालक ने तीन हजार रुपये का पेट्रोल डलवाया। इस दौरान वह गाड़ी स्टार्ट किए रहा। पेट्रोल डाले जाने के बाद उसने भुगतान किए बिना गाड़ी दौड़ा दी।

## क्रिस्टल एविएशन की उड़ान पर रोक, यात्री परेशान

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में हेलीकॉप्टर से टेल रोटर से यूकाडा के वित्त नियंत्रक की मौत के बाद क्रिस्टल एविएशन की उड़ान पर रोक लगा दी गई है। केदारनाथ के लिए जब पहले दिन हेली सेवाएं शुरू हुई तो 8 हेलीकॉप्टर कंपनियों ने उड़ान भरी किंतु क्रिस्टल की सेवाएं बंद रही। इस दौरान तीर्थयात्रियों ने यहां खूब शोर-शराबा किया। उन्हें परेशानियां उठानी पड़ी। बुकिंग रद्द होने से लगभग एक हजार यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। केदारनाथ में दो दिन पहले हुई दर्दनाक घटना के बाद सरकार ने क्रिस्टल एविएशन की सेवाएं अग्रिम आदेशों तक रोक दी है। मंगलवार को अन्य हेली कंपनियों ने केदारनाथ के लिए उड़ान भरी किंतु क्रिस्टल से बुकिंग करा चुके यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। केदानरनाथ दर्शन को मौके पर पहुंचे यात्रियों ने हंगामा भी किया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में उनके सामने कोई विकल्प नहीं है। अगर बुकिंग रद्द हुई थी तो उन्हें समय रहते इसकी जानकारी दी जानी चाहिए थी। ऐसे हालात में अब सरकार को कोई और वैकल्पिक व्यवस्था यात्रियों के लिए करनी चाहिए थी। इधर, हेली सेवा के नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि क्रिस्टल एविएशन की सेवाएं अग्रिम आदेशों तक रोक दी गई है। इस कंपनी से टिकट बुक करा चुके यात्रियों की बुकिंगें निरस्त की जा रही है। (एजेंसी)



रामकृष्ण कुटिर, अल्मोड़ा के प्रो. मिहीर के. दास ने  की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में रामकृष्ण कुटिर, अल्मोड़ा के प्रो. मिहीर के. दास ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को स्वामी विवेकानंद की उत्तराखण्ड यात्रा के दौरान उनकी स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने के सम्बन्ध में चर्चा की। उन्होंने विवेकानंद जी के प्रवास व उनकी यात्रा वाले स्थानों को विवेकानंद पर्यटन सर्किट के रूप में पुनः विकसित किये जाने और उन स्थानों को हेरिटेज साइट घोषित किये जाने का सुझाव दिया।

# सीडीओ कमठान ने ली जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं परामर्शीय समिति डीएलएमएसी की बैठक



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने ऋषिपर्णा सभागार में जिला स्ततरीय अनुश्रवण एवं परामर्शीय समिति (डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटिरिंग एण्ड एडवाईजरी कमेटी) डीएलएमएसी की बैठक करते हुए कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी आपसी समन्वय से प्रस्तावित कार्यों को योजनावार करें, निर्माण कार्यों हेतु बार–बार सड़क न खोदी जाए। साथ ही निर्देश दिए कि क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व स्थानीय जनमानस को सूचित कर दिया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान जनमानस की सुरक्षा एवं किसी प्रकार की असुविधा न हो इस पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। यदि निर्माण कार्यों से जनमानस की कोई शिकायतें हो तो उनका त्वरित निस्तारण किया जाए। निर्माण कार्यों हेतु खोदी गई सड़क को कार्य पूर्ण करते ही तत्काल ठीक कर दिया जाए तथा चरणबद्ध ढंग से कार्य करें।

## मेयर अध्यक्षता में टाउनहॉल में विश्व मलेरिया दिवस मनाया

देहरादून। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर नगर निगम देहरादून के टाउनहॉल में माननीय मेयर नगर निगम देहरादून सुनिल उनियाल गामा की अध्यक्षता में जनसामान्य को मलेरिया रोग से बचाव हेतु जागरूक करने हेतु विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया।

मननीय मेयर नगर निगम देहरादून सुनील उनियाल गामा मेलेरिया के लक्षण, उपचार एवं बचाव हेतु वृहद्धस्तर पर जागरूकता कार्यक्रम संचालित करते हुए वृहद्धस्तर पर प्रचार–प्रसार किये जाने पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ एनके त्यागी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून, डॉ अविनाश खन्ना मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम देहरादून, डॉक्टर पीयूष एपिडेमियोलॉजिस्ट देहरादून तथा सुभाष जोशी जिला मलेरिया अधिकारी देहरादून द्वारा मलेरिया रोग से बचाव हेतु विस्तृत रूप से जानकारी दी गई विश्व मलेरिया दिवस सर्वप्रथम 25 अप्रैल 2008 को अफ्रीका में मनाया गया तब से लगातार 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है ।

इसका एकमात्र उद्देश्य जन सामान्य को मलेरिया रोग से बचाव हेतु जागरूक करना है विगत वर्ष जनपद देहरादून में 04 मलेरिया रोगी पाए गए जो सभी स्वस्थ हो चुके हैं तथा इस साल जनवरी माह से अभी तक कोई भी मलेरिया रोगी नहीं पाया गया है जनपद देहरादून में विभिन्न क्षेत्रों में समय–समय पर बुखार के रोगियों की स्वास्थ्य केंद्रों में मलेरिया की जांच एवं उपचार निशुल्क किया जाता है जनपद के समस्त क्षेत्रों में मलेरिया रोग से बचाव हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा लगातार प्रचार प्रसार किया जाता है तथा बुखार के रोगियों को स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर अपनी खून की जांच कराने के लिए प्रेरित किया जाता है इस प्रकार अगर प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी ले कि वह अपने आसपास के वातावरण एवं अपने परिसर को साफ एवं स्वच्छ रखेगा कहीं पर भी गंदा पानी एकत्र नहीं होने देगा तो इस प्रकार मच्छर के के लारवा पनपने के स्त्रोत नष्ट हो जाएंगे और मच्छर नहीं बन पाएंगे तो भविष्य में मलेरिया जैसी महामारी से मुक्ति पाई जा सकती है ।

मलेरिया की रोकथाम सबकी जिम्मेदारी सबकी भागीदारी, हमने ठाना है मलेरिया मिटाना है अगर यदि प्रत्येक व्यक्ति इन स्लोगनों पर अमल करेगा तो जनपद देहरादून से मलेरिया को समाप्त किया जा सकता है।

### बल्लूपुर में चित्र इंटरनेशनल आर्ट गैलरी का शुभारंभ

देहरादून। बल्लूपुर स्थित अलकापुरी में चित्र इंटनेशनल आर्ट गैलरी का शुभारंभ किया गया। यह गैलरी आर्टिस्ट अरविंद गैरोला और डॉ. योगेश गैरोला ने बनाई है। मंगलवार को आर्ट गैलरी का शुभारंभ पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे ने किया। आर्टिस्ट अरविंद गैरोला ने बताया कि गैलरी के मानकों के अनुसार सेटअप है, जिसमें फोकस्ड ट्रैक लाइट्स और आर्ट वर्क के लिए डेडिकेटेड डिस्प्ले वॉल है। इसमें कलाकारों के साथ फोटोग्राफर और अन्य आर्ट फोर्म को प्रदर्शित करने के लिए पर्याप्त जगह है।

## ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में हुआ जैव विविधता सम्मेलन

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय बीज दिवस के उपलक्ष पर ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में जैव विविधता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन के पहले दिन मंगलवार को बीज बचाओ आंदोलन के प्रणेता विजय जड़धारी ने कहा कि उत्तराखंड से मिट्टी के लगातार कटाव ने मैदानी क्षेत्रों को उपजाऊ और पहाड़ों को बंजर कर दिया है। सम्मेलन का उद्देश्य राज्य में मिट्टी, बीज और मिलेट्स का संरक्षण करना है। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विजय जड़धारी ने कहा कि खेती व्यापार नहीं हमारी संस्कृति है। पुराने बीजों को बचाना एक चुनौती है। कहा कि उत्तराखंड में जंगली जानवर और मौसम खेती के सबसे बड़े दुश्मन हैं और सरकार को इसके लिए कुछ कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि बीजों की मूल वैरायटी बहुत शक्तिशाली होती है। किसी भी तरीके के बदलाव को ये सह सकती हैं। बीजों के जीनोम में बदलाव करके वैज्ञानिक कंपनियां हमें हाइब्रिड बीजों का गुलाम बना रहीं हैं।

# सनराइजस के बल्लेबाजों को अधिक सक्रियता दिखानी चाहिए थी : ब्रायन लारा



हैदराबाद, । सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ब्रायन लारा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपेक्षाकृत छोटे लक्ष्य का पीछा करने में असफल रहने के लिए अपने बल्लेबाजों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उन्होंने अपना आक्रमक रवैया दिखाने में काफ ी देर कर दी थी। सनराइजर्स को सोमवार की रात को दिल्ली के हाथों सात रन से हार का सामना करना पड़ा जो उसकी लगातार तीसरी पराजय है। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने बेहद रक्षात्मक रवैया अपनाया जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके सामने 145 रन का लक्ष्य था लेकिन आखिर में वह छह विकेट पर 137 रन ही बना पाया। लारा ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा,''पिच में किसी तरह की गड़बड़ी नहीं थी तथा हमें पूरी पारी के दौरान अधिक सक्रियता दिखानी चाहिए थी।''उन्होंने कहा,'' हमने सब कुछ आखिर के लिए छोड़ दिया। मुझे अच्छा लगता अगर हमारे बल्लेबाज पावर प्ले का पूरा फायदा उठाते। हमने उन्हें बीच के ओवरों में विकेट लेने और हावी होने का मौका दिया।'' सनराइजर्स पावर प्ले में 36 रन ही बना पाया जबकि उसकी आधी टीम 14.1 ओवर में 85 रन पर पवेलियन लौट गई थी। लारा ने कहा,'' पहले 15 ओवर काफ ी महत्वपूर्ण होते हैं और तब तक हमें काफी बेहतर स्थिति में होना चाहिए था। '' सनराइजर्स को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अब प्रत्येक मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लारा ने कहा,'' हमें अब आगे के बारे में सोचना होगा और जल्द ही एकजुट होना होगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि अब हमारे लिए राह मुश्किल है और हमें अधिक जिम्मेदारी से खेलना होगा।''दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 144 रन का स्कोर बनाया था लेकिन स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि टीम को विश्वास था कि वह अपने स्कोर का बचाव करने में सफल रहेगी।

कुलदीप ने कहा,,'' शत प्रतिशत एक टीम के रूप में हमें अपनी गेंदबाजी इकाई पर पूरा भरोसा था और हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छी गेंदबाजी की है और यहां पर हमारे पास अपना कौशल दिखाने का मौका था।'' उन्होंने कहा,'' हमने पावर प्ले में अच्छी गेंदबाजी की। इसके बाद बीच के ओवरों में मैंने और अक्षर पटेल ने हमें मैच में बनाए रखा जबकि अंतिम चार ओवरों में एनरिक नोर्किया और मुकेश कुमार ने अच्छी गेंदबाजी की।

# विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप : अजिंक्य रहाणे की डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भारतीय टीम में वापसी



नयी दिल्ली, पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ सात से 11 जून तक ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये मंगलवार को भारतीय टीम में वापसी की। रहाणे ने 15 महीने बाद टीम में वापसी की। श्रेयस अय्यर के चोटिल हो जाने के कारण बाहर हो जाने से उनकी टीम में वापसी तय मानी जा रही थी। अय्यर ने पीठ दर्द के लिए ब्रिटेन में ऑपरेशन करवाया है। रहाणे ने भारत की तरफ से 82 टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच जनवरी 2022 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन में खेला था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम में इसके अलावा कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है।

केएस भरत टीम में शामिल एकमात्र विशेषज्ञ विकेटकीपर हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए टीम में शामिल ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को वर्तमान टीम से बाहर किया गया है।

डब्ल्यूटीसी फ इनल के लिए भारतीय टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

# ओडिशा सरकार ने हॉकी इंडिया के साथ समझौते का विस्तार किया

भुवनेश्वर ,। ओडिशा सरकार ने भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम (सीनियर और जूनियर) के प्रायोजन समझौते को 10 वर्षों तक बढ़ा दिया है। राज्य सरकार के खेल विभाग से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, ओडिशा सरकार 2033 तक भारतीय टीमों को प्रायोजित करेगी। इस समझौते के तहत ओडिशा सरकार अगले 10 वर्षों में भारतीय टीमों पर कुल 434.12 करोड़ का व्यय करेगा।



ओडिशा सरकार ने विज्ञप्ति में कहा, ओडिशा सरकार हॉकी के खेल की प्रमुख प्रवर्तक रही है और हॉकी इंडिया के साथ राज्य की साझेदारी ने देश में इस खेल के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। टोक्यो ओलंपिक में दोनों टीमों की उपलब्धियां, जहां पुरुषों की टीम ने 41 साल बाद कांस्य पदक जीता और महिला टीम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची, महत्वपूर्ण उपलब्धि रही है।

ओडिशा सरकार 2018 से पुरुष और महिला दोनों राष्ट्रीय हॉकी टीमों की आधिकारिक प्रायोजक रही है। इससे पहले, ओडिशा माइनिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएमसी) ने भारतीय हॉकी टीमों के प्रायोजन के लिये हॉकी इंडिया के साथ पांच साल का समझौता किया था।

विज्ञप्ति में कहा गया कि हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की अनुरोध के आधार पर ओएमसी लिमिटेड ने समझौते के विस्तार के लिये सरकार की मंजूरी मांगी थी, जिसे आज कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी।

विज्ञप्ति में कहा गया, हॉकी ओडिशा में युवाओं के बीच व्यापक रूप से लोकप्रिय खेल है। इस निर्णय के साथ सरकार का लक्ष्य खेल को और बढ़ावा देना एवं अधिक युवा खिलाड़ियों को खेल की ओर आकर्षित करना है, जो राज्य में प्रतिभा की एक मजबूत कड़ी बनाने में मदद करेगा।

# कोलकाता को रौंद कर चेन्नई अंकतालिका के शीर्ष पर



कोलकाता 25 अप्रैल,। गेंद और बल्ले से खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करते हुये चेन्नई सुपरकिंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ न सिर्फ 49 रन की बड़ी जीत दर्ज की बल्कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में उंची छलांग लगाते हुये अंकतालिका के शीर्ष पर पहुंचने में सफलता हासिल की। ईडन गार्डन मैदान पर महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुये चार विकेट पर 235 रन बनाये जो मौजूदा सत्र में अब तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है वहीं बाद में बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुये मेजबान टीम को दवाब में बनाये रखा जिसके चलते केकेआर 20 ओवरों में आठ विकेट पर 186 रन ही बना सकी और धोनी की टीम को 49 रन की एकतरफा जीत हासिल हुयी।कोलकाता का यह विशाल मैदान आज आक्रमक बल्लेबाजी का गवाह बना। पहले धोनी सेना ने चौके छक्कों की बारिश के साथ दर्शकों का मनोरंजन किया जबकि बाद में केकेआर के बल्लेबाजों ने भी चौके छक्के लगाकर खेल प्रेमी प्रशंसकों की वाहवाही लूटी। सीएसके के 235 रनों के स्कोर में 164 रन 18 छक्के और 14 चौके की मदद से आये वहीं हार का सामना करने वाले केकेआर के बल्लेबाजों ने भी कुल मिलाकर 12 छक्के और 14 चौके जमाये।सीएसके आंजिक्य रहाणे (71) ने मात्र 29 गेंदो की नाबाद पारी में छह चौके और पांच छक्के जड़े जबकि शिवम दुबे (50) ने सिर्फ 21 गेंदो पर अपना अर्धशतक पूरा किया जिसमें पांच छक्के और दो चौके शामिल थे।

इससे पहले सलामी बल्लेबाज रितुराज गायकवाड ने 20 गेंदो पर 35 रन बनाये वहीं डेवान कॉनवे (56) ने चार चौके और तीन छक्के जड़े। रविन्द्र जडेजा (18) ने आठ गेंदो की संक्षिप्त पारी में दो छक्के लगाये। केकेआर के वरूण चक्रवर्ती ने 49 रन खर्च कर एक विकेट झटका जबकि कुलवंत खेजरोलिया ने 44 रन देकर दो और सुयश शर्मा ने किफायती गेंदबाजी कर एक विकेट मात्र 29 रन देकर झटका। जीत के लिये 236 रन की जरूरत के साथ मैदान पर उतरी केकेआर की शुरूआत भी हालांकि फीकी रही मगर बाद में जेसन राय मात्र 26 गेंदो में 61 बनाकर मैच के रोमांच को बरकरार रखा वहीं आक्रमक रिंकू सिंह 53 रन बनाकर नाबाद लौटे।

# गेंदबाजों के दम पर दिल्ली विजयी

हैदराबाद ,। दिल्ली कैपिटल्स ने गेंदबाजों के साहसी प्रदर्शन की बदौलत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की। दिल्ली ने सनराइजर्स के सामने 145 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में मेज़बान टीम 137 रन तक ही पहुंच सकी।दिल्ली के ऊपरी क्रम ने एक बार फिर निराशाजनक प्रदर्शन किया, हालांकि मनीष पांडे (27 गेंद, 34 रन) और अक्षर पटेल (34 गेंद, 34 रन) ने छठे विकेट के लिये 69 रन की साझेदारी करके टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। यह स्कोर सनराइजर्स के लिये बहुत बड़ा साबित हुआ।

दिल्ली की कसी हुई गेंदबाजी के आगे सनराइजर्स के बल्लेबाज कभी भी हाथ नहीं खोल सके। हेनरिक क्लासेन 19 गेंद पर तीन चौकों और एक छक्के के साथ 31 रन की पारी खेलकर मेजबान टीम को जीत की ओर ले जा रहे थे, हालांकि 19वें ओवर में उनके आउट होने से मैच का रोमांच बढ़ गया।

सनराइजर्स को आखिरी ओवर में मात्र 13 रन बनाने की जरूरत थी, लेकिन क्रीज पर वाशिंगटन सुंदर और मार्को जैनसेन मौजूद थे। सुंदर ने पहली गेंद पर दो रन बनाये, हालांकि मुकेश कुमार ने अगली पांच गेंदों पर सिर्फ तीन रन देकर दिल्ली को जीत दिलाई।

पिछले मैच में सीज़न की पहली जीत दर्ज करने वाली दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की जगह टीम में आये फिलिप सॉल्ट भले ही शून्य रन पर पवेलियन लौट गये, लेकिन मिचेल मार्श ने दूसरे ओवर में मार्को जैनसेन को चार चौके जड़ते हुए 19 रन बटोरे।

शुरुआती नौ गेंदों पर सिर्फ एक रन बनाने वाले वॉर्नर ने भी चौथे ओवर में बाहें खोलकर वाशिंगटन सुंदर को एक चौका और एक छक्का जड़ा। दोनों ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने दूसरे विकेट के लिये 38 रन की साझेदारी की, हालांकि इस साझेदारी के बाद दिल्ली की समस्याएं शुरू हुईं।मार्श 15 गेंद पर 25 रन बनाकर टी नटराजन का शिकार हो गये, जिसके बाद सुंदर के एक ओवर ने मैच का रुख पलट दिया। सुंदर इस आईपीएल सीजन में अब तक एक भी विकेट नहीं ले सके थे, लेकिन उन्होंने आठवें ओवर में वॉर्नर (20 गेंद, 21 रन), सरफराज़ ख़ान (10 रन) और अमन हाकिम खान (चार रन) सहित तीन बल्लेबाजों को आउट करके दिल्ली की आधी टीम को पवेलियन भेज दिया।

दिल्ली का स्कोर पलक झपकते ही 57/2 से 62/5 हो गया, जिसके बाद मनीष और अक्षर ने पारी को संभाला। अक्षर को तेज खेलने में संघर्ष करना पड़ा, हालांकि मनीष ने 11वें ओवर में उमरान मलिक की गेंद पर चौका लगाकर दबाव कम किया।

अक्षर और मनीष के बीच छठे विकेट के लिये 69 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। अक्षर ने 17वें ओवर में मयंक मारकांडे को तीन चौके लगाकर पारी की रफ्तार बदलना चाही, हालांकि वह 34 गेंद पर 34 रन बनाकर अगले ओवर में भुवनेश्वर का शिकार हो गये।

भुवनेश्वर और नटराजन ने आखिरी तीन ओवरों में दिल्ली को रन बटोरने का मौका नहीं दिया, जिसके कारण दिल्ली को तीन रनआउट भी देखने पड़े।

मनीष 27 गेंद पर दो चौकों की मदद से 34 रन बनाकर 19वें ओवर में रनआउट हो गये, जबकि 20वें ओवर में आनरिक नॉर्खिया और रिपल पटेल रनआउट हुए। कुलदीप यादव ने 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर चौका लगाकर दिल्ली के लिये पारी का सकारात्मक अंत किया। दिल्ली के बल्लेबाजों ने बड़ा स्कोर नहीं बनाया था लेकिन उसके गेंदबाज पहले ओवर से ही सनराइजर्स पर हावी रहे। इशांत शर्मा ने पहले ही ओवर में एक मौका भी बनाया, हालांकि स्लिप में खड़े मिचेल मार्श शून्य रन पर खेल रहे मयंक का कैच नहीं पकड़ सके।

दूसरे छोर से हैरी ब्रूक को रन बनाने के लिये संघर्ष करना पड़ा और वह 14 गेंद पर सात रन बनाकर पावरप्ले के आखिरी ओवर में आनरिक नॉर्खिया का शिकार हो गये। दिल्ली के गेंदबाजों ने पावरप्ले के बाद भी अनुशासन बनाये रखा और 27 गेंदों तक सनराइजर्स के बल्लेबाजों को कोई बाउंड्री नहीं लगाने दी।

मयंक ने अंततः 11वें ओवर में मार्श को चौका लगाकर दबाव हटाना चाहा, लेकिन अगले ही ओवर में वह लॉन्ग ऑन को कैच देकर आउट हो गये। सनराइजर्स की समस्याएं यहां समाप्त नहीं हुईं और इशांत ने 13वें ओवर में राहुल त्रिपाठी (21 गेंद, 15 रन) को विकेटकीपर फिलिप सॉल्ट के हाथों कैचआउट करवा दिया।

## फिल्मी सफर

# मनोज बाजपेयी ने किया बंदा की रिलीज का ऐलान, सीधे ओटीटी पर आएगी फिल्म




बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता मनोज बाजपेयी अपनी उम्दा अदाकारी के लिए जाने जाते हैं। अभिनेता अपने तीन दशक के करियर में कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे हैं और अपने अभिनय के बल पर लोगों के दिलों में जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। अभिनेता ने अपने 54 के इस खास दिन पर उन्होंने अपनी नई फिल्म बंदा की रिलीज का ऐलान किया है, जो सीधे ओटीटी पर आएगी।बाजपेयी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए बंदा के ज़ी5 पर आने की घोषणा की है। अभिनेता ने इस पोस्ट के साथ लिखा, जब बात हो इंसाफ की, सिर्फ एक ही बंदा काफी है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित बंदा विनोद भानुशाली की भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड, जी स्टूडियोज और सुपर्ण एस वर्मा द्वारा समर्थित एक कोर्टरूम ड्रामा है। इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व सिंह कार्की ने किया है और दीपक किंगरानी ने इसे लिखा है।बंदा में बाजपेयी एक प्रतिष्ठित वकील की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे, जो सच्चाई और न्याय के लिए सभी बाधाओं के खिलाफ अकेले ही लड़ाई लड़ता है। बाजपेयी ने इस फिल्म के लिए ज़ी5 के साथ तीसरी बार हाथ मिलाया है। इससे पहले वह 2021 में आई फिल्म साइलेंस... कैन यू हियर इट? और डायल 100 में काम कर चुके हैं। अभिनेता ने भी ज़ी5 के साथ काम करने पर खुशी जाहिर की और कहा कि वह काफी उत्सुक हूं।निर्माता विनोद भानुशाली ने फिल्म के बारे में बात करते हुए बताया कि बाजपेयी जैसे दिग्गज अभिनेता के साथ यह एक ऐसा कोर्ट रूम ड्रामा है, जो आपको हिला देगा। बंदा में दिखाया है कि कैसे एक आम आदमी ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ पूरे सिस्टम से लड़ाई लड़ सकता है, जब सच्चाई उसके पक्ष में हो। यह दिखाती है कि कैसे जब सिस्टम सही तरीके से काम करता है तो न्याय से इनकार नहीं किया जा सकता है।बाजपेयी की हाल ही में गुलमोहर रिलीज हुई थी, जिसमें वह शर्मिला टैगोर के साथ नजर आए थे।

### खतरों के खिलाड़ी 13 में नजर आएंगी अर्चना गौतम

रोहित शेट्टी के स्टंट पर आधारित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 (केकेके13) का दर्शक इंतजार कर रहे हैं। शो को लेकर आए दिन अलग–अलग जानकारियां सामने आ रही हैं। शिव ठाकरे से लेकर रूही चतुर्वेदी तक, कुछ सितारों के नाम कंटेस्टेंट्स की सूची में पक्के हैं।

अब खबर है कि बिग बॉस 16 फेम अर्चना गौतम भी खतरों के खिलाड़ी 13 में नजर आएंगी। इस खबर की पुष्टि खुद अर्चना की ओर से की गई है।

अर्चाना ने कहा, सबसे मजबूत हस्तियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए टेलीविजन पर अपने डर पर विजय पाना आसान नहीं है, लेकिन मुझे लगता है कि मैं अपने डर से लडने़ और अपने साथी प्रतियोगियों के साथ एन्जॉय करने के लिए तैयार हूं। मैं आसानी से डरती नहीं हूं, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि मैं इस शो में चुनौतियों को कितनी अच्छी तरह से नियंत्रित करती हूं। केकेके13 जल्द कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा।

# सलमान की केकेबीकेकेजे को साउथ फिल्म विरुपाक्ष ने दी टक्कर

बीते समय से देखा गया है कि साउथ फिल्मों ने हिंदी सिनेमा फिल्मों को काफी टक्कर दी है. हाल ही में सुपरस्टार सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म किसी का भाई किसी की जान रिलीज हुई है. जो बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार प्रदर्शन कर रही है. लेकिन दूसरी ओर सलमान की फिल्म के साथ–साथ साउथ सिनेमा के सुपरस्टार साईं धरम तेज की फिल्म विरुपाक्ष भी रिलीज हुई है. जो फिलहाल कमाई के मामले में अपना दमखम दिखा रही है. जिसके चलते ये कहा जा रहा है कि विरुपाक्ष फिल्म किसी का भाई किसी की जान को टक्कर दे रही है.



साउथ सुपरस्टार साईं धरम तेज की विरुपाक्ष को 21 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया है. इस साउथ फिल्म को फिल्म क्रिटिक्स की ओर से पॉजिटिव रिव्यू मिल रहे हैं. साथ ही ऑडियंस भी विरुपाक्ष को लेकर अच्छा रिस्पॉन्स दे रही है. आलम ये है कि कलेक्शन के मामले में विरुपाक्ष तेलुगू मार्केट में शानदार प्रदर्शन कर रही है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक गौर किया जाए विरुपाक्ष के कलेक्शन की तरफ तो साईं धरम तेज की इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन तेलुगू मार्केट में 7.40 करोड़ का कलेक्शन किया है.

इसके अलावा रिलीज दूसरे दिन विरुपाक्ष के कलेक्शन में 23 प्रतिशत का उछाल आया है और फिल्म ने 9.50 करोड़ की कमाई की है. जिसके चलते विरुपाक्ष की कुल कमाई दो दिन में 16 करोड़ हो गई है. लिमिटेड स्क्रीन्स पर रिलीज हुई विरुपाक्ष के लिए ये कलेक्शन शानदार माना जा रहा है.

# सनी लियोनी की फिल्म कैनेडी का नया पोस्टर जारी, खतरनाक लुक में नजर आए राहुल भट्ट

मोचन की तलाश करते हुए विभिन्न परिस्थितियों से घिरे एक अनिद्राग्रस्त पुलिस वाले पर आधारित कहानी आपके लिए तैयार हैं, अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी पुलिस नोयर कैनेडी का पहला पोस्टर आउट हो गया है ।

कान फिल्म फेस्टिवल 2023 में मिडनाइट स्क्रीनिंग श्रेणी में कान्स स्क्रीनिंग के लिए चुने जाने के बाद, निर्माताओं ने आखिरकार पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जो वास्तव में उन सभी पहेली को समेटे हुए है जो दर्शकों के लिए स्क्रीन पर लाने वाली है ।

कैनेडी एक अनिद्राग्रस्त पूर्व–पुलिस की कहानी है, जिसे लंबे समय से मरा हुआ समझा गया है लेकिन वह फिर भी भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ काम करता है और मोचन की तलाश करता है। फिल्म से पहला पोस्टर जारी किया गया है, जिसमें लीड एक्टर राहुल भट मेगा कैनवास पर मास्क पहने हुए हैं और सनी लियोन एक दरवाजे के सामने खड़ी होकर चिल्ला रही हैं। पुलिस नोयर की अपनी शैली को बहुत अच्छी तरह से न्यायोचित ठहराते हुए, पोस्टर को लाल और काले रंग की थीम में डिज़ाइन किया गया है, जबकि बंदूक और खून के धब्बे एक संदिग्ध कहानी पर नजऱ डालती हैं, जिसे दर्शक फिल्म में देखेंगे ।इसके अलावा, फ़िल्म का अनुराग कश्यप के घर से आना, जो हमें कई पुलिस नोयर और थ्रिलर फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं, अब कैनेडी के साथ यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार उनकी थाली में क्या नया है।कैनेडी राहुल भट और सनी लियोन अभिनीत अनुराग कश्यप द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है जिसका निर्माण जी स्टूडियोज और गुड बैड फिल्म्स के रंजन सिंह और कबीर आहूजा ने किया है। फिल्म के डीओपी सिल्वेस्टर फोंसेका हैं । संगीत आशीष नरूला,आमिर अज़ीज़ और बॉयब्लैंक के साथ बनाया है।

# मेकर्स जल्द ही एस्पिरेंट्स का दूसरा सीजन लेकर आ सकते हैं : सनी हिंदुजा

एक्टर सनी हिंदुजा को वेब शो एस्पिरेंट्स में संदीप सिंह ओहलन की शानदार भूमिका के लिए काफी सराहना मिली। उन्होंने वेब सीरीज की दूसरी वर्षगांठ पर इससे जुड़े कुछ पल साझा किए। साथ ही कहा कि बहुत जल्द मेकर्स इसका दूसरा सीजन लेकर आ सकते हैं।

टीवीएफ एस्पिरेंट्स तीन दोस्तों – अभिलाष, गुरी और एसके के अतीत और वर्तमान से संबंधित है, जो यूपीएससी उम्मीदवार हैं। इसमें नवीन कस्तूरिया, शिवंकित परिहार, अभिलाष थपलियाल, नमिता दुबे और सनी हिंदुजा हैं।



सनी पुरानी यादों को साझा करते हुए कहते हैंः संदीप भैया के किरदार के लिए मुझे जो प्यार और समर्थन मिला है और जो मिल रहा है, उसके लिए मैं बहुत खुश हूं। शो के सेट पर काम करने का अनुभव मेरे निजी पसंदीदा में से एक था। जब भी कोई मेरी भूमिका के बारे में बात करता है तो मुझे फ्रेश फील होता है जैसे कि यह एक दिन पुरानी रिलीज सीरीज हो। सनी ने फिल्में, टीवी शो और वेब सीरीज की हैं। उनके कुछ उल्लेखनीय कार्यो में द फैमिली मैन, भौकाल, इनसाइड एज और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें टीवी शो मेरे डैड की दुल्हन और मर्दानी 2 और शहजादा जैसी फिल्मों में भी देखा गया था। सनी की आने वाले प्रोजेक्ट में द रेलवे मैन शामिल है। उन्होंने कहा कि बहुत अच्छा लगता है जब दर्शक अभिनेता को उनके किरदार से पहचानते हैं और उनके साथ भी ऐसा ही हो रहा है क्योंकि लोग अक्सर उन्हें संदीप भैया कहते हैं। उन्होंने कहा, लोग मुझे मेरे किरदार संदीप भैया के नाम से जानते हैं और यही किसी भी अभिनेता के सपने सच होने जैसा है।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन
डिग्री कॉलेज रोड़,
जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल
(उत्तराखण्ड) से मुद्रित
तथा जयन्त कार्यालय
चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग,
गैरसैंण, जनपद चमोली
उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338